26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 05 दिसम्बर, 2025
अंक- 42 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पानी में बैठकर धरना दिया

हाथ में तिरंगा, गले और हाथ-पैर में लोहे की जंजीर, सिर पर सफेद टोपी, अर्द्धनग्न शरीर। इस हुलिये में इस व्यक्ति को पानी में बैठकर धरना देते हुए देखकर लोग हैरत में पड़ गये। विजय हिंदुस्तानी नामक इस शख्स ने लगभग 6 घंटे तक मुजफ्फरनगर में श्रीराम कॉलेज रोड पर गड्ढे में भरे गंदे पानी में बैठकर धरना दिया ताकि शासन, प्रशासन के आंख-कान खुल सकें। आखिरकार उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल वहां पहुंचे और पानी में घुसकर आंदोलनकारी विजय हिंदुस्तानी को मनाना पड़ा। इस शख्स का कहना था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बावजूद प्रशासन ने इस सड़क की ओर ध्यान नहीं दिया, जबकि सड़क पर विशाल गड्ढा और उसमें गंदा पानी भरा हुआ है।



# 'जल्द ही विश्व, चिंताओं से मुक्त होगा'

## पुतिन का वेलकम कर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने पर पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आज वह 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के साथ ट्रेड, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े महत्वपूर्ण समझौतों पर चर्चा करेंगे और बाद में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। शाम को पुतिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत के दौरे पर हैं। गुरुवार को वह दिल्ली पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने खुद एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आज रूसी राष्ट्रपति के दौरे का दूसरा दिन है। आज की मीटिंग में सारा फोकस ट्रेड, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े कई समझौतों पर होगा जिसका ऐलान दोनों नेता जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे। शाम को 7 बजे पुतिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ मीटिंग के लिए राष्ट्रपति भवन जाएंगे। 2022 में रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद से यह पुतिन का पहला भारत दौरा है।



पुतिन के साथ बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने कोविड-19 से लेकर आज तक कई संकटों का सामना किया है और उम्मीद जताई कि वैश्विक चुनौतियां जल्द ही पार कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आज हम कई महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और रूस के आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया जाना चाहिए, और साथ मिलकर हमें नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखना चाहिए। इस तरह के आशावादी दृष्टिकोण के साथ हम अपनी बैठक को आगे बढ़ाएंगे। यह एक मजबूत विश्वास है। भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 2001 में आपके पदभार संभालने और पहली बार भारत आने के बाद अब 25 वर्ष हो चुके हैं। उस पहली यात्रा में ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की एक मजबूत नींव रखी गई थी। मेरे लिए खुशी की बात है कि आपके साथ मेरे संबंधों को भी 25 साल हो गए। मेरा मानना है कि आपने 2001 में जो भूमिका निभाई थी, वह इस बात का शानदार उदाहरण है कि एक दूरदर्शी नेता जहां से शुरू करता है, वह रिश्तों को कितनी ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

**मकान बिकाऊ**

बिजनौर में चर्च के निकट, डीएम कम्पाउंड के सामने 350 वर्ग गज में बना बेहद अच्छी कंडीशन का एक मकान 46 (फ्रंट) x 68.5, 7 कमरे, बिकाऊ है। सम्पर्क करें-
मो. 9821118478,
8958177144

## हनुमानगढ़ी के साधु को जिंदा जलाने की कोशिश

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** एक करोड़ 51 लाख कपालभाति क्रिया 1661 घंटे में पूरी कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने वाले अयोध्या के हनुमानगढ़ी के गोविंदगढ़ आश्रम में तैनात साधु महंत महेश दास को गुरुवार देर रात जिंदा जलाने की कोशिश की गई। महंत के अनुसार लगभग 2:45 बजे रात को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनके कमरे की जाली काटकर अंदर ज्वलनशील पदार्थ फेंका, तब वे गहरी नींद में थे।

महंत महेश दास के अनुसार, आग की गर्मी बिस्तर तक पहुँचने पर उनकी नींद खुली और उन्होंने कमरे में धुआँ व आग की लपटें देखीं। वे किसी तरह बाहर भागे और शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर शिष्यों ने पानी और बालू डालकर करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन बिस्तर और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना की तुरंत सूचना पुलिस को दी गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला उन्हें मारने की साजिश थी, जिसके पीछे धार्मिक संस्थान के आंतरिक विवाद जुड़े हैं। महेश दास ने बसंतिया पटी के महंत रामचरण दास सहित कई अन्य व्यक्तियों लड्डू दास, मन्नू दास, मणिराम दास, ममता देवी, नीतू देवी, खुशबू और शिवानी पर साजिश रचने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इन लोगों ने पहले भी उन पर झूठे मुकदमों में फँसाने की कोशिश की थी। महंत के अनुसार, आर्थिक विवाद इसका बड़ा कारण है।

**सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक**
Curing with Science & Touch of Art
**डॉ. प्रगति सिंह**
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
- बाल रोग
- स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
- त्वचा रोग
- बालों की समस्या
- थाईराइड
- हाई बी.पी.
- मधुमेह
- गुर्दे की पथरी
- जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
- साइटिका
- साइनसाइटिस (साइनस)
- दमा
- टाइफाइड, पीलिया
- कब्ज, गैस बनना, बवासीर
- अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज



परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349

**गीजर ही गीजर**



**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 06 दिसम्बर 2025**

मेष- स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धार्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, विवाद का समापन।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, कार्य में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति संभव, आहार विहार में नवीनता।

मिथुन- आज रात्रि 10/16 बजे तक दिनमान विपरीत, क्रोध की अधिकता, मित्रों से किसी बात को लेकर अनबन, शेष समय में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मनोरंजन में रुचि।

कर्क- आज रात्रि 10/16 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, शारीरिक सुख की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में तालमेल, शेष समय में व्यावसायिक हानि, व्यक्तिविशेष से धोखा।

सिंह- नवयोजना के प्रति रुचि जागृत, कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख।

कन्या- अधूरे व नवकार्यों हेतु प्रियजनों से विचार-विनिमय, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।

तुला- आज रात्रि 10/16 बजे तक कठिनाइयों में वृद्धि, प्रियजनों से कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, अध्ययन में निराशा, शेष समय में आर्थिक पक्ष बेहतर, भाग्योन्नति।

वृश्चिक- आज रात्रि 10/16 बजे तक उन्नति का सुयोग, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, सद्विचारों का उदय, शेष समय में असफलता, शत्रु सक्रिय, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम।

धनु- बुद्धिचातुर्य से संकल्पसिद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम संपादित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति

मकर- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, नवीन समाचार की प्राप्ति से हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, आपसी सम्बन्धों में सामंजस्य, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।


कुम्भ- आज रात्रि 10/16 बजे तक कार्यों में अवरोध, भाग्य में न्यूनता, आत्मीयजनों से तनाव, शेष समय में विवाद का समापन, सफलता का सुयोग, नवयोजना का श्रीगणेश।

मीन- आज रात्रि 10/16 बजे तक विचारित योजना पूर्ण, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, धन लाभ का अवसर, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अपूर्ण।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन के लिए नहीं करना होगा आवेदन

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए,



ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वत: चयन होगा। इसके अलावा, जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं। उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र वृद्धजन को सम्मानजनक जीवन हेतु पेंशन समय से उपलब्ध हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फैमिली आईडी आधारित यह प्रगति सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक और सकारात्मक बदलाव लाएगी।

## झारखंडी महादेव मंदिर में 7 को विशाल भण्डारा



बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम खारी स्थित सिद्ध स्थल श्री झारखंडी महादेव मंदिर में 7 दिसम्बर रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती सुधा शर्मा पत्नी स्व. श्री शशिकान्त शर्मा, मनीकान्त (मनी मेडिकोज), मनुकान्त, डॉ. मीतू कान्त आदि ने बताया कि प्रात: 8 बजे से रूद्राभिषेक के पश्चात भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। मालूम हो कि शर्मा परिवार की झारखंडी मंदिर में गहरी श्रद्धा व आस्था है और वे समय-समय पर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान करते रहते हैं। शर्मा परिजनों ने समस्त शिव भक्तों का आह्वान किया है कि सपरिवार कार्यक्रमों में भाग लेकर महादेव के दर्शन व प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी-भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.), नजीबाबाद, जिला बिजनौर**
**वाद सं. 2/25**

ओमप्रकाश पुत्र श्री निहाल सिंह, निवासी ग्राम रहमापुर, परगना व तहसील नजीबाबाद, हाल निवासी जयनगर, कस्बा व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**बनाम**

1. हरीश पुत्र ओमप्रकाश, 2.प्रिंसी पत्नी हरीश, निवासीगण ग्राम रहमापुर, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 06.12.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से-प्रबन्धक, न्यायालय सिविल जज (जू.डि.), नजीबाबाद**



## आपके अनुसार..

### प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा

जी हां, भारत के सबसे लोकप्रिय और विश्व के सबसे शक्तिशाली नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने विपक्ष को अप्रत्यक्ष रूप से ड्रामेबाज बताया है। यह बिल्कुल उचित कथन है, क्योंकि 2014 के बाद से विपक्ष ने न जाने कितने आरोप लगाए लेकिन एक का भी तथ्य नहीं दे पाए। हर चुनाव में एक नया मुद्दा लेकर आते हैं और तथ्य न दिखाने की वजह से जनता से मुंह की खाते हैं। फिर अगले चुनाव की तैयारी के लिए नया मुद्दा लाते हैं, जिसका कोई भी प्रमाण उनके पास नहीं होता है, इसीलिए जनता इनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती और इन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ता है। जनता को पता है कि नरेंद्र मोदी के शासन में भारत कितना शक्तिशाली बना है। अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत हुई है। भारत की रक्षा और सुरक्षा की ताकत बढ़ी है। जनता अब पीछे मुड़कर देखने वाली नहीं, जिसके पास नीति होगी और नीयत भी होगी। जनता उसे ही वोट और सपोर्ट करेगी।



-रितेश सैन
संस्थापक/अध्यक्ष
संस्कृति फाउंडेशन नजीबाबाद

### संसद : ड्रामा नहीं, डिलीवरी का मंच

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'संसद में ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए,' भारतीय संसदीय प्रणाली की गरिमा और उद्देश्य को स्पष्ट करता है। उन्होंने विपक्ष को संदेश देते हुए कहा कि नारेबाजी और राजनीतिक प्रदर्शन संसद के बाहर किए जाने चाहिए, जबकि सदन के भीतर केवल देश की नीतियों (नीति) और जनहित के कार्यों पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। उनका यह विचार इस बात पर जोर देता है कि संसद का समय बेहद कीमती है, और जनता अपने प्रतिनिधियों से यह उम्मीद करती है कि वे व्यवधान पैदा करने के बजाय ठोस परिणाम देने और देश के विकास में योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करें। एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि सदन को केवल संवाद और समाधान का केंद्र माना जाए।



-राकेश चौहान
रानी बाग कॉलोनी, धामपुर

चिंगारी
5 दिसम्बर, 2025
बिजनौर

यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत ( पेज 2 )



# डीएसएम ने शिविर लगाकर कम्पनी रेट पर हेलमेट देकर लोगों को जागरूक किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज प्रात: रानी बाग पुलिस चौकी पर शिविर लगाकर कंपनी रेट पर हेलमेट देकर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शुगर मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता, सिक्योरिटी ऑफिसर अजय कुमार पांडे, प्रबंधक ओमवीर सिंह, कमर्शियल हेड विकास अग्रवाल, विवेक यादव आदि मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए प्रत्येक वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए तथा वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने। शिविर में धामपुर शुगर मिल द्वारा नागरिकों को कंपनी रेट पर हेलमेट बिक्री किये गये।



मिल अधिकारियों के साथ शिविर का उद्घाटन करते एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव

# पुलिस ने पैदल गश्त के दौरान, कई बाइकों का किया चालान

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए कल शाम एस एस आई पवन कुमार शर्मा व कस्बा इंचार्ज दीपक नागर के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल गश्त किया गश्त के दौरान बाइक पर तीन व्यक्ति बैठने वालों तथा गलत नंबर प्लेट वाली बाइकों का चालान किया गया। इसके अलावा मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिल को भी सीज किया कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि नगर में बाइक द्वारा पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले बाइक सवारों को चिन्हित किया जा रहा है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की अपने बच्चों को सही तरह से वाहन चलाने की बात समझाएं।



# आरपीएस महाविद्यालय के छात्रों ने शूटिंग में दिखाया जलवा



करमजीत

**चंदक ( चिंगारी )।** रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक (बिजनौर) के छात्रों ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय खेलों में शूटिंग में अंतर महाविद्यालयी शूटिंग/एयरराइफल प्रतियोगिता मे रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक के बी. ए द्वितीय वर्ष के छात्र करमजीत पुत्र श्री सुरजीत सिंह निवासी रायपुर ने प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस शानदार

## करमजीत ने एयर राइफल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

जीत पर महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व महाविद्यालय सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल ने बच्चों को बधाई दी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रूबी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की व उन्हें बधाई दी। समस्त स्टॉफ व बच्चों में खुशी का माहौल है।

# वाहन की चपेट में आकर गुलदार की मौत



**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव जुझेला की पुलिया पर बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गुलदार की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल के आसपास मादा गुलदार के गुर्राने की आवाज़ से लोगों में दहशत का माहौल है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कहीं मादा गुलदार राहगीरों पर हमला न कर दें। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## घुसपैठिये आये कैसे?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ अपने फैसलों और भाषणों के लिये जाने जाते हैं। उनके मुख से निकला एक-एक जुमला मीडिया में सुर्खियां बनता है। इसलिये चुनाव में उनकी बहुत डिमांड होती है। खास कर मतों के ध्रुवीकरण में योगी जी भाजपा के लिये सबसे ज्यादा मुफीद होते हैं। अपने हर चुनावी भाषण में योगी महाराज ऐसे-ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं कि तालियां तो बजती ही हैं, चुनाव में उनकी पार्टी को लाभ भी होता है। बिना चुनाव के भी योगी जी रोज कोई ऐसा भाषण देते हैं या ऐसा फरमान जारी करते हैं, जिसकी चर्चा सर्वाधिक होती है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी से रोहिंग्या घुसपैठिये बाहर होंगे। इसके लिये उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किये हैं। मगर सवाल यह उठता है कि यूपी में साढ़े आठ साल से योगी जी महाराज की सरकार है और केन्द्र में भी उन्हीं की पार्टी की सरकार पूरे 11 साल से है, फिर घुसपैठिये देश में घुसे कैसे ? और अगर कांग्रेस या दूसरी पार्टियों की सरकार में घुसे थे तो अब तक बाहर क्यों नहीं निकाले गये ? आंकड़े तो यह बताते हैं कि मनमोहन सरकार में मोदी सरकार की अपेक्षा कई गुना अधिक घुसपैठिये को कान पकड़कर देश से बाहर निकाला गया था। फिर भाजपा बार-बार घुसपैठ का ठीकरा कांग्रेस के सिर पर क्यों फोड़ती है ? योगी जी को अब साढ़े आठ साल बाद क्यों घुसपैठियों की याद आयी ? अब तक उनकी पुलिस और इंटेलिजेंस क्यूं सोती रही ? केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार कह चुके हैं कि घुसपैठियों को 'चून-चून' कर निकाला जायेगा। अब तक क्यों नहीं निकाला गया ? अगर यह सवाल पूछा तो राष्ट्रद्रोही कहलायेंगे। देश की आतंरिक सुरक्षा का जिम्मा तो शाह साहब के पास है, फिर 11 साल से घुसपैठिये कैसे देश में घुसे बैठे हैं ? दावा तो यह है कि मोदी सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। फिर घुसपैठिये कैसे मुंह उठाकर चले आते हैं और कैसे देश में घुसे बैठे हैं ? काम करते हैं। दरअसल, असली घुसपैठिया तो वो साम्प्रदायिक सोच है, जिसने देश के अधिकतर नागरिकों के दिलो-दिमाग में घुसपैठ कर ली है। इस सोच को बाहर किये बिना देश का उद्धार मुमकिन नहीं है।

# पुतिन की भारत यात्रा
# नयी विश्व राजनीति की आहट

**पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है।**



▶▶ललित गर्ग

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उदघोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नये युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रुवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है। पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रुवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नये विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।



भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएं हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाये रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं।

# यथार्थवादी लेखकों ने बड़ी बेबाकी से जीवन का सत्य लिखा

## मोहन राकेश व श्रीलाल शुक्ल के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में हुई संगोष्ठी



सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रियंका को सम्मानित करते हुए अतिथि।



संगोष्ठी में भाग लेते हुए शिक्षक एवं छात्राएं।

**बिजनौर ( चिंगारी )। 'किसी भी व्यक्ति में यथार्थ को लिखने का साहस बहुत कम होता है, लेकिन जितने भी यथार्थवादी कवि या लेखक हुए हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं में बेबाकी से जीवन का सत्य लिखा है। इस परम्परा में मोहन राकेश और श्रीलाल शुक्ल अग्रणी हैं।'**

उपरोक्त विचार गुरुवार को यहां रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कालजयी रचनाकार मोहन राकेश एवं श्री लाल शुक्ल के जन्मशती समारोह के उपलक्ष्य में 'मोहन राकेश और श्रीलाल शुक्ल के साहित्य में चित्रित यथार्थबोध' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा व्यक्त किये गये। संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हरि मोहन शर्मा, मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अरुण देव, विशिष्ट वक्ता चमनलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरिद्वार के प्राचार्य प्रो. सुशील उपाध्याय, प्रख्यात जनकवि डॉ. संजय कुमार त्यागी, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिकारा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शारदा द्विवेदी एवं सह समन्वयक डॉ. वर्षा के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्राचार्या प्रो. पारूल त्यागी द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। समन्वयक डॉ. शारदा द्विवेदी के द्वारा संगोष्ठी के विषय पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। डॉ. वर्षा के द्वारा हीरा देवी छात्रवृत्ति सम्मान के बारे में छात्राओं को अवगत किया गया। संगोष्ठी में मोहन राकेश के नाटकों और कहानियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि प्रो. हरि मोहन शर्मा ने श्री लाल शुक्ल के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीलाल शुक्ल एक महान साहित्यकार थे, जिन्होंने हिंदी साहित्य को एक नई दिशा दी। भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिकारा ने अपने मिशन के बारे में बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य कन्याओं की सुरक्षा और उनके विकास को बढ़ावा देना है।

### 'राग दरबारी' के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की गई

संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में राजकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय से प्रो. धीरज कुमार सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने विचार साझा किए। उन्होंने मोहन राकेश के प्रसिद्ध उपन्यास **राग दरबारी** के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि यह उपन्यास समाज की वास्तविकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि न केवल राग दरबारी बल्कि मोहन राकेश अन्य उपन्यास भी अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

### कई शोध-पत्र पढ़े गये

संगोष्ठी में डॉ. अल्पना सिंह एवं डॉ. शीबा परवीन की अध्यक्षता में डॉ. दयावती उपाध्याय, श्रीमती अनु रानी, डॉ. मृदुल त्रिवेदी, डॉ. आबिदा खातून, कु. सपना, अंजलि, साक्षी के द्वारा शोध-पत्र पढ़े गए। डॉ. संजय कुमार त्यागी के द्वारा कविता पाठ किया गया।

### छात्रा प्रियंका को सम्मानित किया

**संगोष्ठी के दौरान प्रो. हरि मोहन शर्मा के द्वारा अपनी माता स्व. हीरा देवी के नाम पर प्रतिवर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति बी ए द्वितीय वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता छात्रा प्रियंका को प्रदान की गई। साथ ही प्रियंका को हीरा देवी छात्रवृत्ति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को संपन्न कराने में सपना, अंजलि, डॉ. आराधना, डॉ. अल्पना, ऋतु सैनी, ज्योति कर्णवाल, शिरीन फातिमा, डॉ. ऋचा शर्मा, साक्षी, सीमाब आदि का सहयोग रहा। राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न विश्विद्यालयों के शोधार्थी, छात्राएं एवं महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।**

# गुरु तेग बहादुर सिंह शहीदी पर्व पर सजेगा कीर्तन दरबार



**खासपुरा ( चिंगारी )।** धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों व सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिख पंथ के 9वें गुरु तेगबहादुर सिंह जी के 350वें शहीदी गुरु पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम हसूपुरा की प्रबंधक कमेटी एवं संगत के द्वारा 51वॉ महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 6 दिसंबर दिन शनिवार को कीर्तन दरबार और नगर कीर्तन, 7 नवंबर दिन रविवार को महान कीर्तन दरबार सजाया जाएगा,जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनीय जत्थे और कथा वाचक ग्राम हसूपुरा पहुंच रहे हैं। हसूपुरा गुरुद्वारा सिंह सभा की प्रबंधक कमेटी ने जागृति यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से खासपुरा,ऊमरी, पैजनिया, ओलियापुर, रहूंनगली रोशनपुर और सभी आसपास के गांव में जाकर होने वाले महान कीर्तन दरबार के आयोजन को सफल बनाने के लिये संगत संगत से अपील की। इस अवसर पर सिंह सभा हसूपुरा प्रबंधक कमेटी से गजेंद्र सिंह लोहिया, आशु सिंह पोथीवाल, गगनदीप सिंह पोथीवाल, बरियाम सिंह राजू, एडवोकेट जसविंदर सिंह जस्सी, एडवोकेट हरविंदर सिंह मोनू, मनिंदर सिंह मिर्धा, लक्की सिंह, कुलदीप सिंह रियाड आदि मौजूद थे।

# साइबर अपराधियों द्वारा ठगे गये 11 लाख 59 हजार रुपये वापस कराए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साइबर सेल ने नवंबर माह में ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 14 पीड़ितों को राहत प्रदान की है। साइबर अपराधियों ने विभिन्न तरीकों से शिकार बनाकर ठगे गए 11,59,957 रुपये पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराए गए। कार्रवाई के बाद रकम मिलने पर पीड़ितों ने बिजनौर पुलिस का आभार जताया है। साइबर सेल के अनुसार, प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तेजी से कानूनी एवं तकनीकी कार्रवाई की गई। ज्यादातर मामलों में ठगी की रकम यूपीआई माध्यम से स्थानांतरित की गई थी, जिसे समय रहते होल्ड कराकर वापस कराया गया।

### इन थानों से जुड़े थे प्रकरण

पुलिस के मुताबिक जिन मामलों में धनराशि वापस कराई गई, वे किरतपुर, हल्दौर-चांदपुर, स्योहारा, नगीना देहात, कोतवाली शहर, नजीबाबाद और नांगल थानों से संबंधित थे। सबसे बड़ी रिकवरी कोतवाली शहर (एनसीआरपी-45402) से जुड़ी शिकायत में हुई, जिसमें 5,74,903 रुपये वापस करवाए गए। नजीबाबाद क्षेत्र से जुड़े एक अन्य प्रकरण (एनसीआरपी-39461) में 1,50,000 रुपये की राशि पुनः प्राप्त की गई।

### लिंक व क्यूआर कोड न करें साझा

साइबर सेल टीम ने पीड़ितों के बैंक, यूपीआई प्लेटफॉर्म और संबंधित प्राधिकरणों से संपर्क कर लेनदेन को ट्रैक किया और फ्रीज करते हुए रकम रिकवर कराई। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की संदिग्ध लिंक, कॉल, क्यूआर कोड या ओटीपी साझा न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# 'सप्त शक्ति संगम' के माध्यम से मातृशक्ति ने लिया 'विकसित भारत' का संकल्प

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित मां शान्ति बाई सरस्वती शिशु/विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा में प्रान्तीय योजनानुसार 'सप्त शक्ति संगम' का आयोजन किया गया। विद्या भारती विश्व का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षण संस्थान है, जो संस्कारवान शिक्षा के माध्यम से समाज में संस्कार और अनेक समाज जागरण के कार्य करता है। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान ने पूरे भारत में चल रहे 22000 विद्यालयों ने 30000 सप्त 'शक्ति संगम' (मातृशक्ति सम्मलेन) का आयोजन करने का महा अभियान लिया है।



वर्तमान वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 पूरे कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में समाज की माता बहिनों के लिए विद्यालय में आज 'सप्त शक्ति संगम' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 250 माता-बहिनों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी माता बहिनों ने कुटुम्ब व्यवस्था एवं पर्यावरण के प्रति मातृशक्ति में भारतीय दृष्टि, भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, बच्चों के समग्र संस्कारवान विकास में माता-बहिनों की भूमिका तथा मातृशक्ति में आत्मगौरव को बढ़ाने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का दृढ़ संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती अपर्णा ने समाज व देश की उन्नति व विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए माता बहिनों को बढ़चढ़ कर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती आभावती रहीं तथा उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी माता बहिनों से आग्रह किया कि सभी अब इसे कार्य रूप में परिणति करें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि रावल (प्राचार्या आरएसएम डिग्री कालेज धामपुर) ने भोजन स्वदेशी भाषा स्वदेशी के लिए उपस्थित नारी शक्ति को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या कु. नेहा ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती हिमानी राठी रही। कार्यक्रम को में श्रीमती रुद्रेश, श्रीमती कमलेश, श्रीमती अनुपम, कु. रुपांजली, श्रीमती रानी आदि का सहयोग रहा।



बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षिकाएं।

## दुर्गा पब्लिक स्कूल में मनाया गया एनुअल स्पोर्ट्स डे

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक कुंवर अनिल राजपूत व प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने मशाल जलाकर किया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर क्लास 1 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कुंवर अनिल राजपूत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है और बच्चों का शारीरिक विकास भी होता है। इस अवसर पर शोभा रानी, गरिमा भारद्वाज, अदिति शर्मा, अरुण शर्मा, गौरव चौहान, जितेंद्र सिंह, रोमियो मयूर खान, अंकिता, सिमरन, इकरा, आरती कौर आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर नंदिनी रानी द्वारा किया गया।

## कोर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बनेगा फुट ओवर ब्रिज

### पुल निर्माण के लिए मैसर्स हिमालयन कंस्ट्रक्शन को किया गया अनुबन्धित

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** कोर इंजीनियरिंग कॉलेज हरिअर के पास फुट ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाएगा। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी प्रसिद्ध आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे एक पत्र में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास बने फुट ओवर ब्रिज की तर्ज पर ही हरिद्वार-रूड़की राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने कोर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास खासकर स्कूली बच्चों के लिए एक सिरे से दूसरे सिरे को जाने के लिए



फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की थी। पत्र में अवगत कराया गया था कि वर्तमान में स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रॉस करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत का समाधान करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय रुड़की के तकनीकी प्रबंधक राजकुमार पांडे ने आरटीआई कार्यकर्ता को भेजे एक पत्र में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-344 के अन्तर्गत कोर कॉलेज के सामने फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूर्ण होने के पश्चात भाराराप्रा मुख्यालय द्वारा निविदा आंमत्रित करते हुये, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) हेतु मैसर्स हिमालयन कंस्ट्रक्शन को अनुबन्धित किया गया है और उक्त जगह फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाएगा।

## नगर पालिका की भूमि पर स्थित प्राइवेट बस स्टैण्ड एक व्यक्ति की निजी सम्पति बन कर रह गया

### अधिशासी अधिकारी ने जारी किया नोटिस

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के रिहायशी इलाके में स्थित करोड़ों रुपए की नगर पालिका परिषद की भूमि पर स्थित प्राइवेट बस स्टैंड अब अपने अस्तित्व को खोकर एक व्यक्ति की प्राइवेट प्रॉपर्टी बनकर रह गया है। इस स्थिति में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने, यूनियन नगीना कालागढ़ बस स्टैंड धामपुर के अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि यह संपत्ति नगर पालिका परिषद धामपुर के स्वामित्व की है, नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा ओवरपाल सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह तत्कालीन अध्यक्ष प्राइवेट बस स्टैंड धामपुर को 27.10.1995 को एक अपंजीकृत किरायानामा द्वारा किराये पर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इसके आधार पर किराएदारी की अधिकतम समय सीमा अवधि 11 माह होती है, जो व्यतीत हो चुकी है। इसके अलावा पुर पासिंग द्वारा भी अपने जीवन काल में 3.8.2006 को इस संपत्ति से अपनी किराएदारी नगर पालिका परिषद धामपुर के पक्ष में छोड़ दी थी। रविशंकर शुक्ल का कहना है कि पालिका की संपत्ति पर यह किरायानामा 28.10.1995 के आधार पर अवैध रूप से अध्यासित है इसलिए तथाकथित किराएदारी 30 दिन के अंदर समाप्त की जाएगी। हालांकि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने पालिका की इस भूमि पर काबिज व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का समय दिया है, परंतु प्राइवेट बस स्टैंड यहां से अस्तित्वहीन हो जाने के कारण करोड़ों रुपए की यह भूमि अनुपयोगी साबित हो रही है। ऐसे में यदि यह भूमि नगर पालिका परिषद के अधीन हो जाएगी तो यहां बेहतर मार्केट, होटल, लॉज या अन्य योजनाओं द्वारा पालिका की आय में वृद्धि का कारगर माध्यम बन जाएगी। नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत प्राइवेट बस स्टैंड के बराबर में स्थित तालाब का सौंदर्यकरण कराने के लिए तालाब की हदबंदी की गई थी, इसके बावजूद अब इस तालाब पर सौंदर्य करण से संबंधित कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है रखरखाव के अभाव में यह तालाब भी अनुपयोगी बनकर रह गया है जबकि इस तालाब में नागरिकों के टहलने के लिए फुटपाथ बैठने के लिए बैंच, फव्वारा, फुलवारी, लाइटिंग आदि का कार्य किया जाना था परंतु इनमें से कोई भी कार्य यहां पर नहीं हुआ है।

## राज्य में साइबर सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने पर मंथन

### विभागों और संस्थानों को गंभीरता के साथ पूरी तैयारी रखनी जरूरी

**नैनीताल ( चिंगारी )।** साइबर सुरक्षा को लेकर देहरादून में 'साइबर भारत सेतु: ब्रिजिंग स्टेट्स, सिक्योरिंग भारत' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साइबर सुरक्षा के प्रति लचीलापन क्षमता को सुदृढ़ करने तथा अंतर-विभागीय समन्वय को बढ़ावा देने के साथ ही साइबर संकटों के प्रभावी प्रबंधन हेतु समग्र तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से सीईआरटी-उत्तराखंड तथा आईटीडीए द्वारा, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सिविल सेवा संस्थान देहरादून के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आईटीडीए उत्तराखंड के निदेशक आलोक पाण्डे ने कहा कि साइबर सुरक्षा का महत्वपूर्ण कार्य उत्तरोत्तर अधिक चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। लिहाजा साइबर सुरक्षा प्रबंधन के लिए राज्य के सभी विभागों और संस्थानों को गंभीरता के साथ पूरी तैयारी रखनी जरूरी है। साइबर संकटों की जानकारी और उनसे निपटने के उपायों के लिए इस तरह के आयोजनों को अत्यधिक उपयोगी बताते हुए पाण्डेय ने कहा कि राज्य में साइबर सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संस्थान सीईआरटी-इन के वैज्ञानिक राजेश पोखरियाल, शशांक गुप्ता, सब्यसाची जेना, राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव कमलेश मेहता, आईटीडीए उत्तराखंड के एजीएम कमलेश अरूण, आशीष उपाध्याय, ट्रेंड माईक्रो के प्रतिनिधि अंकित आदि विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपयोगी जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विभागों एवं संथानों 150 से भी अधिक मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों, आईटी विशेषज्ञों एवं साइबर सुरक्षा प्रशासकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले चंदन चौहान, होगा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

## अंडरपास व सर्विस रोड के निर्माण की मांग ने पकड़ा जोर

**बिजनौर (चिंगारी)।** नेशनल हाईवे बैराज रोड पर दुर्घटनाओं के मद्देनजर अंडरपास और सर्विस रोड के निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। सांसद चंदन चौहान भी खुलकर इस मांग के पक्ष में आ गये हैं। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर अंडरपास व सर्विस रोड बनाने की मांग की है।

बता दें कि अंडरपास व सर्विस रोड बनाने की मांग को लेकर क्षेत्रवासी पिछले काफी दिनों से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन हाईवे अथॉरिटी के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। सांसद चंदन चौहान ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर उन्हें एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि बिजनौर में बैराज रोड पर हेमराज कॉलोनी चौराहा वर्तमान में अत्यधिक व्यस्त और खतरनाक है। यह चौराहा दर्जनों गांवों धर्मनगरी, घासीवाला, नवलपुर, चांदपुर नौआबाद, खेड़की हेमराज, फरीदपुर काजी, चांदपुर फेरू, काजीवाला, मौ.पुर मंडावली, सेवारामपुर, तीवड़ी, नवलपुर बैराज और कोहली फार्म के हजारों लोगों का प्रतिदिन का मार्ग है।

एनएच-119 पर फोरलेन निर्माण कार्य के चलते ग्रामीणों को खेत तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। खेत हाईवे के दूसरी ओर स्थित हैं, ऐसे में उन्हें लगभग चार किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे समय की बर्बादी के साथ किसानों पर आर्थिक और शारीरिक भार भी बढ़ रहा है। हाईवे निर्माण के बाद चौराहे पर दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाएगी। इसलिए सुरक्षित आवागमन के लिए अंडरपास निर्माण अत्यंत आवश्यक है। सांसद ने जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नहर के पुल से हेमराज कॉलोनी के नाले तक सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड व अंडरपास के निर्माण की मांग का समर्थन किया है।



### बढ़ जायेगा ख़तरा

नहर पुल से हेमराज कॉलोनी नाले तक सर्विस रोड न होने के कारण लोगों को मुख्य हाईवे पर ही चलना पड़ता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि फोरलेन बनने के बाद यह समस्या और गहरी हो जाएगी। इससे पैदल यात्रियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों तथा किसानों के लिए खतरा बढ़ेगा।

### कई माह से चल रहा धरना

इस मांग को लेकर 18 अप्रैल 2025 से शांतिपूर्ण धरना चल रहा है। अब तक कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने पर मामला केंद्रीय मंत्रालय तक पहुंचाया गया है।

# मेडिकल कालेज में कर्मचारियों को दिया वेस्ट मेटीरियल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. उर्मिला कार्य के निर्देशन में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. निखिल सक्सेना और डॉ. शोभिता अग्रवाल द्वारा संचालित किया गया।

सत्र के दौरान सभी कर्मचारियों को बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निष्पादन, उसके महत्व और अस्पताल व जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षकों ने यह भी समझाया कि किस प्रकार विभिन्न प्रकार के बायोमेडिकल वेस्ट को निर्धारित कलर कोडेड कंटेनरों में सही तरीके से डाला जाता है तथा किस रंग के कंटेनर में कौन सा कचरा जाता है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में स्वच्छता, सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण को सुदृढ़ बनाना था, ताकि रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिये सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। कॉलेज प्रशासन ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की निर्धारित गाइडलाइन्स का पालन करते हुए अस्पताल को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# लेकर ढेर सारी मांग, सड़क पर उतरे विकलांग



## विश्व विकलांग दिवस को 'काला दिवस' के रूप में मनाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की बैठक 3 दिसंबर को नुमाइश ग्राउंड बिजनौर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा तथा संचालन जिला प्रभारी मास्टर अफजाल ने किया। नुमाइश ग्राउंड बिजनौर से दिव्यांगजन जुलूस प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डीएम कार्यालय का घेराव किया। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि दिव्यांगों की संख्या दो करोड़ तथा पूरे भारतवर्ष में 11 करोड़ है। लेकिन दिव्यांगों के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसलिए विश्व विकलांगता दिवस को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। पाशा ने कहा कि दिव्यांग आयोग का गठन किया जाये, उसका अध्यक्ष दिव्यांग हो,देश व प्रदेश के मुख्यालयों के साथ प्रत्येक जनपद मुख्यालयों पर दिव्यांग भवन बनाए जाए एवं उनका संचालन दिव्यांगों द्वारा सुनिश्चित किया जाए। उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में डूडा विभाग जो तीसरी मंजिल पर है, उसको नीचे शिफ्ट किया जाए। दिव्यांगों का आरक्षण 4 प्रतिशत से 10 प्रतिशत किया जाये। दिव्यांगों का यूडी आईडी कार्ड देश की समस्त परिवहन निगमों जैसे बसें, ट्रेनों, जलयानों एवं वायुयानों में छूट सहित समस्त भारत में मान्य कराने की अनिवार्य व्यवस्था करायी जाए। रेलगाड़ी के 2 A/C-3 A/C में दिव्यांगों को 90 प्रतिशत छूट दी जाए पीसीओ की तर्ज पर दिव्यांगजनों को साइबर कैफे दिए जाएं। दिव्यांगों की पेन्शन 1000 से 5000 की जायें,सभी दिव्यांगजनों के सरकारी आवास बनाये जायें। दिव्यांग कन्याओं एवं युवाओं की शादी अनुदान राशि कम से कम 2 लाख की धनराशि लाभार्थी के खाते में डाली जाए,दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को सभी प्रावधानों को अति शीघ्र से लागू किया जाए। लोकसभा, विधानसभा, पंचायत निकाय चुनाव में दिव्यांग जनों को आरक्षण दिया जाए। इस मौके पर आजम अंसारी, गुरबचन सिंह, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकुल कुमार, सुशील कुमार, विदेश कुमार, गजेंद्र सिंह, मोहम्मद शाकिर, अमित कुमार, ऋषिपाल सिंह, तुलसी सिंह, शमशेर आदि उपस्थित रहे।

# खेल स्पर्धा में जेपी स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




**चांदपुर (चिंगारी)।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर के छात्रों ने गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद बिजनौर द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। टीम का विद्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। स्पर्धा में स्कूल की वॉलीबॉल टीम ने उत्साह और टीम भावना के साथ खेलते हुए जीत हासिल की। स्कूल के छात्र अयान ने 200 मीटर दौड़ में सभी प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर पहला स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में रुद्राक्ष ने सिंगल कैटेगरी में तृतीय स्थान और दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके बढ़िया खेल कला का प्रदर्शन किया। अक्षित और ललित के प्रदेश प्रतियोगिता के लिए चुनाव होना स्कूल के लिये एक और गर्व का क्षण बन गया। शॉट पुट स्पर्धा में मुकुल चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और स्कूल को पदक तालिका में एक और उपलब्धि दी। उपलब्धियों के पीछे स्कूल के शारीरिक अध्यापक निकेंद्र तोमर और सुरजीत देओल का मार्गदर्शन और मेहनत सराहनीय रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रवि धारीवाल ने किया प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन

## भाजपा विचारशील पार्टी- मौसम चौधरी



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौसम चौधरी।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख जलीलपुर रवि धारीवाल द्वारा भव्य प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि बुजुर्गों को बुलाकर सम्मानित करने का निर्णय काबिले तारीफ है क्योंकि बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही स्वच्छ और विकासित समाज की स्थापना होती है।

नूरपुर रोड पर स्थित धारीवाल होटल पर रामफल मुखिया की अध्यक्षता व कुलदीप सिंह के संचालन में आयोजित सम्मेलन में भारी संख्या में क्षेत्र तथा चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्धजनो ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने सम्मेलन के संयोजक रवि धारीवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह स्पष्टवादी व्यक्ति हैं और पूरी ईमानदारी के साथ सेवा करते हैं। उनका प्रबुद्धजनों का सम्मान करने का निर्णय काबिले तारीफ हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए देश के लोकतंत्र को और मजबूत करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदहाल प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य किया है और उनका बिजनौर वालों को जो आशीर्वाद प्राप्त हुआ है वह अभूतपूर्व हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारशील पार्टी हैं, भाजपा में निर्णय संगठन करता हैं।

संयोजक रवि धारीवाल ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐश्वर्य मौसम चौधरी जनपद व हम सबके लोकप्रिय नेता हैं। उनके यहां सभी को पूरा मान सम्मान मिलता हैं। सम्मेलन में मौसम चौधरी व रवि धारीवाल द्वारा उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में हल्दौर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, अशोक प्रधान, सुनील दत्त शर्मा, मनोज कुमार, कपिल चौधरी, सरदार सिंह भाटी, कालू चेयरमैन, मस्तराम चेयरमैन, मनोज चेयरमैन, रविंद्र चेयरमैन, बब्लू चेयरमैन, विनोद यादव, मीनू राजपूत, रूपल धारीवाल, विकास धारीवाल, नवनीत राणा, मोहित अग्रवाल, राकेश सैनी, नागेंद्र राजपूत, कर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह, मुजाहिद हुसैन, शानू चौधरी, शंकर सिंह, हर्ष, भोला सिंह व प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री ने विपक्ष को ड्रामेबाज बताया किसी को बुरा लगा, किसी ने सही बताया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष को अप्रत्यक्ष रूप से 'ड्रामेबाज' कहकर निशाना बनाए जाने के बाद नगर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस टिप्पणी ने स्थानीय स्तर पर भी बहस छेड़ दी है। बुद्धिजीवी वर्ग ने अपनी प्रतिक्रियाएं अलग-अलग अंदाज़ में व्यक्त की हैं।**



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मास्टर जेके जैन ने प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष को ड्रामेबाज़ बताने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यहाँ सरकार की जवाबदेही तय होती है और जनता के प्रश्न उठाए जाते हैं। यदि विपक्ष जनसमस्याओं, बेरोजगारी, महँगाई, किसानों और आम लोगों की आवाज़ संसद में उठाता है तो उसे ड्रामा कहना न तो उचित है और न ही लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप।



पूर्व सभासद/ कारोबारी विकास जैन का कहना है कि प्रधानमंत्री को इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग नहीं करना चाहिए था, परंतु उनकी भावनाएं बिल्कुल सही है। संसद देश को गति देने वाला एक स्थान है। जहां पर देश एवं विदेश की नीतियां निर्धारित होती है। विपक्ष को ऐसी जगह को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए। इसलिए विपक्ष को मिल बैठकर सभी गंभीर मुद्दों पर बात करनी चाहिए जो कि देश हित, देश भक्ति और देश की सुरक्षा के लिए हो।



मैं व्यापारी शंकर सिंघल का कहना है कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे में संसद वह मंच है, जहाँ केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि नीतियों और विकास पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा संसद को 'डिलीवरी का स्थान' बताना एक सकारात्मक संदेश है, जो व्यवस्था को अधिक परिणाम-उन्मुख बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। विपक्ष और सत्ता दोनों ही लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यदि दोनों पक्ष नारेबाज़ी से ऊपर उठकर ठोस नीतियों और विकास कार्यों पर ध्यान दें, तो देश की प्रगति और भी तेजी से हो सकती है। इसलिए मेरा मानना है कि संसद में शोर नहीं, शौर्यपूर्ण संवाद होना चाहिए।

## आपके अनुसार..



व्यापार मंडल अध्यक्ष अफजलगढ़ नीरव रस्तोगी का कहना है कि जिस तरह से विपक्ष बिना सिर पैर के बयान दे रहा है और अनर्गल आरोप लगा रहा है, लगता नहीं कि विपक्ष की नीयत संसद में सही नीतियां बनवाने या पहले से बनी नीतियों में सुधार करवाने की है। देश की जनता पिछले 11 सालों से विपक्ष का यही ड्रामा देखती आ रही है। अगर विपक्ष के यही हाल रहे तो भारत की समझदार जनता इन्हें लम्बे समय तक सत्ता से दूर ही रखेगी।



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक उपाध्यक्ष अजविंदर सिंह बिसला का कहना है कि प्रधानमंत्री जी संसद को डिलीवरी सेंटर बताकर विपक्ष की आवाज़ को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की जिम्मेदारी सिर्फ तालियाँ बजाना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना है। यदि हर सवाल को 'ड्रामेबाज़ी' कह दिया जाएगा, तो फिर संसद का अस्तित्व ही क्या रह जाएगा?

**प्रस्तुति- नितिन दिनेश कौशिक**

# योगी ने नौजवानों का किया आह्वान 'खेलोगे तो खिलोगे'



**गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रीजनल स्टेडियम में गुरूवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ सस्मृ अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है। उन्होंने कहा कि हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। इसके कारण भारत की प्रतिभाएं ओलंपियन, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में अच्छा पुरस्कार ले रही हैं।

### हमारी तैयारी उससे दो कदम आगे होगी

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत आज दुनिया में खेलों की शक्ति बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा, यह गर्व की बात है कि भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ा रहे हैं। खेल व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करते हैं और इसी सोच के साथ हम उत्तर प्रदेश में खेलों का मजबूत ढांचा तैयार कर रहे हैं।

### 75 जिलों में एक-एक स्टेडियम, हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सबसे बड़ा ऐलान करते हुए कहा राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में एक अत्याधुनिक स्टेडियम बनेगा और हर ब्लॉक में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। यह निर्णय सिर्फ घोषणा नहीं है, बल्कि कई जिलों में काम तेजी से शुरू भी हो चुका है। 18 जिलों के सरकारी कॉलेजों में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए लगभग 5-5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। गोरखपुर और महाराजगंज के सरकारी कॉलेजों में भी खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### मेरठ में बनेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

मुख्यमंत्री ने मेरठ में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय उत्तर भारत में खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि इसका नाम हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर रखा जा रहा है। यह विश्वविद्यालय खेल प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, फिटनेस और कोचिंग के क्षेत्र में नई दिशा देगा।

# प्रधानमंत्री का सही कथन, हम करते हैं इसका समर्थन



धामपुर ( चिंगारी )। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को अप्रत्यक्ष रूप से ड्रामेबाज बताते हुए कहा ,यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। इस संबंध में जब नगर के बुद्धिजीवियों से उनका मत जाना गया तो उन्होंने अपनी भावनाएं इन शब्दों में व्यक्त की।

प्रस्तुति
मनोज कात्यायन

## आपके अनुसार..



सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय धामपुर की प्राचार्या डॉ पूनम चौहान का कहना है कि संसद लोकतन्त्र का पावन मंदिर है। जहां लोकल्याण का पवित्र कार्य ही वांछनीय है। विपक्ष मात्र विरोध के लिए विरोध करे। ये कदापि उचित नहीं माना जा सकता। नीतिगत बिंदुओं पर चर्चा करने का कार्य विपक्ष करे तब ही विकास संभव है अन्यथा नारे बाजी और हुल्लड़ करके विपक्ष अपनी भूमिका पर लांछन ही लगवाएगा।



किसान महासभा उत्तर प्रदेश पश्चिम के प्रदेश संयोजक चौधरी प्रशांत कुमार सिंह एडवोकेट का कहना है कि सरकार को बिना चर्चा 'डिलीवरी' से बचना चाहिए और विपक्ष को भी अकारण हंगामाबाजी से बचना चाहिए, विपक्ष तर्कपूर्ण हो और सत्ता पक्ष संवेदनशील, तब ही लोकतंत्र के मंदिर की गरिमा बढ़ेगी और लोकतंत्र को एक नई दिशा मिलेगी ।

### एकदम सही कहा



आर्य समाज ,धामपुर के प्रधान देवानंद आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संसद में कहा है, विपक्ष के लिए वो एक दम सही है क्योंकि संसद राष्ट्र के लिए व राष्ट्र के लोगों के लिए व भविष्य की तरक्की के लिए नीति बनाने का संवैधानिक स्थान है। विपक्ष वहां अपनी जिम्मेदारी से बचता है। उन्हें राष्ट्र के प्रति सहयोग करना चाहिए न कि अनावश्यक बात करनी चाहिए।

### संसद चुनावी बिसात बिछाने का स्थान नहीं



धामपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट का कहना है कि संसद इस महान देश भारतवर्ष की कानून बनाने वाली सर्वोच्च संस्था है और चुनाव की बिसात बिछाने का स्थान नहीं है, संसद में नागरिकों के हितों के लिए विधियाँ बनाने के लिए निर्धारित बहुमूल्य समय को नाटकीय स्लोगन्स के माध्यम से व्यर्थ नही करना चाहिए, जनहित में आदरणीय प्रधानमंत्री का परामर्श भारत की जनता के हितों की सुरक्षा के लिए दिया गया है

### प्रधानमंत्री ने संसद की गरिमा को रेखांकित किया



आर एस एम कॉलेज, धामपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ रवि धनखड़ का कहना है कि संसद के शीतकालीन सत्र के आरंभ अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिया गया यह वक्तव्य— कि 'यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए; नारे नहीं, नीति पर बल देना चाहिए', निस्संदेह संसद की गरिमा को रेखांकित करता है। मेरे विचार से प्रधानमंत्री का यह संदेश सकारात्मक, रचनात्मक और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है। संसद देश की सर्वोच्च विधायी संस्था है, जहां अनावश्यक नारेबाजी या व्यवधानों के स्थान पर जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा, नीति-निर्माण और समाधान प्रस्तुत होना चाहिए। यह भी सत्य है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से अपेक्षा करती है कि वे समस्याओं को उठाने के साथ-साथ उनके ठोस समाधान पर विचार-विमर्श करें और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री का संदेश न केवल शासन की जवाबदेही अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रेरित करता है, बल्कि सभी दलों को संवाद, सहयोग और रचनात्मक बहस के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

## संसद, संवाद का मंच, संघर्ष का अखाड़ा नहीं




अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ ,धामपुर के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह वह पवित्र स्थल है जहाँ राष्ट्र के भविष्य की नीतियाँ तय होती हैं तथा जनसमस्याओं पर विमर्श होता है और देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिए जाते हैं। ऐसे में जब प्रधानमंत्री जी ने शीतकालीन सत्र के प्रारम्भ पर कहा कि यहाँ (संसद में) ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए तो यह केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ को व्यक्त करने वाला संदेश है। प्रधानमंत्री ने ठीक कहा कि नारे लगाने और शोर करने का स्थान पूरा देश है,चुनावी मैदान है, जनसभाएँ हैं। परंतु संसद का उद्देश्य केवल शोर नहीं, बल्कि नीति-निर्माण है। उनका यह कथन अत्यंत सार्थक और समयोपयोगी है। वास्तव में संसद वह स्थान है जहाँ सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों को मिलकर देश के हित में समाधान प्रस्तुत करने चाहिए। यहाँ बहस हो सकती है कटाक्ष भी हो सकते हैं पर वे सकारात्मक हों, रचनात्मक हों और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हों। आज देश तेजी से बदल रहा है। विकास, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं तकनीक, हर क्षेत्र में बड़े निर्णयों की आवश्यकता है। ऐसे समय में संसद के हर मिनट का महत्व बढ़ जाता है। यदि संसद में बार-बार व्यवधान हों, विवाद हों या अनुत्तरदायी व्यवहार हो तो जनता का मूल्यवान समय ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी बाधित होती है। इसलिए प्रधानमंत्री का यह आग्रह कि संसद में नीति पर बल दिया जाए, पूरी तरह न्यायसंगत और प्रासंगिक है। संसद, संवाद का मंच है किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं। यहाँ से निकलने वाले हर निर्णय का प्रभाव देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना हम सबका सामूहिक दायित्व है, चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहाँ बहस हो, मतभेद हों, परंतु मंज़िल एक हो, केवल और केवल राष्ट्रहित। मेरे विचार में प्रधानमंत्री जी ने जो कहा, वह न केवल सही है, बल्कि आज के राजनीतिक परिवेश में अत्यंत आवश्यक भी है। संसद की गरिमा बनी रहे, उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो और वह जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला मंच बन सके,इसी भावना के साथ हमें आगे बढ़ना चाहिए।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश के 12 राज्य/केंद्रशासित राज्यों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्य मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों या बीएलओ के रूप में काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की मृत्यु पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बता दें कि कई बीएलओ ने काम के दबाव में आत्महत्या भी कर ली है। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकारों को बीएलओ की कार्य स्थितियों और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार ठहराया। इसके साथ ही तर्क दिया कि जहां दस हजार कर्मचारी तैनात किए गए हैं, वहां 30,000 भी तैनात किए जा सकते हैं। इससे काम करने में आसानी होगी और काम का बोझ भी हल्का हो जाएगा। वहीं, मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने सरकारों से यह भी कहा कि ड्यूटी से छूट का अनुरोध करने वाले बीएलओ को छुट्टी दी जानी चाहिए और उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने माना कि कई बीएलओ गंभीर बीमार





होने के कारण ड्यूटी से छुट्टी मांग रहे हैं। वहीं, न्यायालय ने यह भी कहा कि यही ऐसे बीएलओ को राहत नहीं प्रदान की जाती है तो वह अदालत का रुख कर सकता है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की याचिका के बाद दिया है। टीवीके ने देश के कई राज्यों में कई बीएलओ की मौत के विवाद के बीच कोर्ट का रुख किया था। टीवीके ने चुनाव आयोग पर प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 32 के तहत जेल भेजने की धमकी देकर बीएलओ को काम करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। विजय की पार्टी टीवीके का तर्क है कि प्रत्येक राज्य में ऐसे परिवार हैं जिनके बच्चे अनाथ हो गए हैं या माता-पिता अलग हो गए हैं क्योंकि चुनाव आयोग धारा 32 के तहत नोटिस भेज रहा है। टीवीके का दावा है कि अकेले उत्तर प्रदेश में ही बीएलओ के खिलाफ 50 से ज्यादा पुलिस मामले दर्ज किए गए हैं,फिलहाल चुनाव आयोग से बस यही अनुरोध है कि वह ऐसी कठोर कार्रवाई न करे। हालांकि, न्यायालय ने बीएलओ की मौतों के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराने की मांग को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि बीएलओ राज्य सरकार के कर्मचारी हैं।

# शादियों के सीज़न में बढ़ सकती है शुगर

## हाइड्रेटेड रहें, बुफे में खाने का क्रम तय करें, शुगर रहेगी नियंत्रित

*सर्दियों के साथ ही शादियां भी शुरू हो जाती हैं। रोजाना की व्यस्तता के बीच शादी समारोहों में शामिल होने से अक्सर दिनचर्या बिगड़ती है। खान-पान में बदलाव होता है। यदि डायबिटीज की समस्या है तो उसके अधिक होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में कुछ सरल तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर सेहत को बनाए रखते हुए शादियों का आनंद ले सकते हैं। जैसे किसी शादी समारोह में शामिल होने वाले दिन सुबह का नाश्ता बेहद संतुलित रखें। पनीर, अंडा या दाल आदि से बना नाश्ता लें। ओट्स और मिलेट्स को भी शामिल करें। इससे शरीर को प्रोटीन के साथ ही कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट का संतुलन मिलता है। यह नाश्ता पचने में समय लेता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा घटता है। साथ ही जल्दी-जल्दी भूख लगने की समस्या भी नहीं होती। इसके अलावा शादी वाले दिन भी तय समय पर ही भोजन करें। इससे भूख लगने पर ओवर ईटिंग की आशंका कम होती है। इसके अलावा नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच जरूर करें। इससे उसके बढ़ने अथवा कम होने की जानकारी आपको रहेगी। इसके अलावा कुछ उपाय और हैं, जिन्हें अपनाने से शुगर बढ़ने का खतरा कम होगा।*

**सबसे पहले सलाद खाएंः-** बुफे के दौरान भोजन का एक क्रम तय करें। सबसे पहले सलाद और कम तेल-मसाले में बनी सब्जियां खाएं। इससे शरीर को पर्याप्त फाइबर मिलेगा, जिससे शुगर धीमी गति से अवशोषित होगी। इसके बाद प्रोटीन वाले फूड जैसे कि पनीर या दाल आदि लें। रोटी और चावल यानी कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम रखें। अगर मीठा खाना चाहते हैं तो सबसे अंत में थोड़ी मात्रा में लें। कभी भी मिठाइयों को भोजन के बाद अंत में खाएं ताकि ब्लड शुगर लेवल बहुत तेजी के साथ न बढ़े। एक साथ बहुत ज्यादा मीठा न खाएं।

**पर्याप्त आराम जरूर करेंः-** शादियों में अक्सर कार्यक्रमों के निरंतर चलने और समय की कमी के चलते थकान और तनाव हो जाता है। इससे ब्लड शुगर असंतुलित हो सकता है। ऐसे में कार्यक्रमों के बीच आराम करना न भूलें। जब भी मौका मिले, डीप ब्रीदिंग का अभ्यास करें। इससे तनाव नियंत्रित करने में मदद मिलती है। साथ ही 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें।

**खुद को हाइड्रेट रखें, एक्टिव रहेंः-** पानी की कमी ब्लड शुगर प्रभावित कर सकती है। ऐसे में दिन भर पर्याप्त पानी पीएं। नारियल पानी या हर्बल चाय भी पी सकते हैं। मीठे पेय और शराब से बचें। वहीं सक्रिय रहने से शुगर को नियंत्रित रखने में सबसे ज्यादा मदद मिलती है। संगीत समारोह में डांस करना एक अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। अगर ऐसा मौका नहीं मिलता है तो कार्यक्रम के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लेकर वॉक कर सकते हैं।



कभी भी मिठाइयों को भोजन के बाद अंत में खाएं ताकि ब्लड शुगर लेवल बहुत तेजी के साथ न बढ़े। एक साथ बहुत ज्यादा मीठा न खाएं।

# भोजन में हैं शरीर के लिए ज़रूरी पोषक तत्व

## खानपान ठीक करके लड़ सकते हैं एनीमिया और थकान से




मैग्नीशियम शरीर में 300 से अधिक जैव-रासायनिक क्रियाओं के लिए जरूरी है। यह ब्लड शुगर, बीपी को संतुलित करने से लेकर इम्यूनिटी को बेहतर बनाने और ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण है।

आजकल बड़ी संख्या में लोग पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स पर निर्भर रहने लगे हैं। हालांकि रोजाना की डाइट में ही यदि कुछ चीजों को शामिल कर लिया जाए तो जरूरी पोषक तत्वों की कमी को पूरा किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर डेयरी प्रोडक्ट, रागी और तिल के बीज डाइट में शामिल करके हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए जरूरी कैल्शियम की कमी दूर कर सकते हैं। ऐसे ही खजूर, गुड़, मसूर की दाल और पालक आयरन की कमी पूरी करते हैं। इसकी कमी से एनीमिया, थकान और इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। यही नहीं, कम्पलीट डाइट से पोषक तत्वों के अलावा फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट जैसे अतिरिक्त लाभ भी शरीर को मिलते हैं, जो सप्लीमेंट्स में अक्सर नहीं मिलते। ऐसे में आज जानिए कुछ प्रमुख पोषक तत्वों को रोजाना की डाइट से कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

**मैग्नीशियमः-** मैग्नीशियम शरीर में 300 से अधिक जैव-रासायनिक क्रियाओं के लिए जरूरी है। यह ब्लड शुगर, बीपी को संतुलित करने से लेकर इम्यूनिटी को बेहतर बनाने और ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण है। बेहतर नींद व तनाव नियंत्रण के लिए भी जरूरी है। इसके लिए पालक, नट्स, साबुत अनाज को डाइट में शामिल करें।

**जिंक :-** बेहतर इम्यूनिटी, घावों को भरने और डीएनए के सही तरीके से काम करने में जिंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह त्वचा, बाल और सेहतमंद नाखूनों के लिए भी जरूरी है। यही नहीं, जिंक शरीर को बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में भी मदद करता है। दालें, छोले, नट्स और कद्दू के बीज इसके अच्छे सोर्स हैं।

**ओमेगाः-** 3 फैटी इंफ्लेमेशन घटाने व मस्तिष्क के कार्यों को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम कर दिल के रोग का जोखिम घटाता है। इसके लिए चिया व अलसी के बीच, अखरोट जरूर खाएं।

**मैलेटोनिनः-** मैलेटोनिन ऐसा हार्मोन है, जो शरीर के सोने-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है। नींद को बेहतर करता है। सर्केडियन रिद्म को नियंत्रित करता है। मशरूम, ओट्स, अंडे की जर्दी इसके अच्छे स्रोत हैं।

## मनोरंजन

### Dev Anand की मोहब्बत में ताउम्र कुंवारी रह गई ये एक्ट्रेस




**नई दिल्ली।** देव आनंद की शादी कल्पना कार्तिक से हुई थी। लेकिन उनका पहला प्यार 1940 और 50 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस सुरैया थीं। एक्टर उनके प्यार में पागल थे और उनसे शादी करने के लिए भी तैयार थे। लेकिन एक ऐसी वजह से थी जिससे सुरैया देवानंद से शादी नहीं कर सकीं और ताउम्र कुंवारी रही।

कौन थी वो एक्ट्रेसः- वो एक्ट्रेस थी सुरैया (Suraiya) के परिवार खासकर उनकी दादी ने उनके रिश्ते में रुकावट डाली जिससे यह रिश्ता खत्म हो गया, अपनी बायोग्राफी, रोमांसिंग विद लाइफ बाय देव आनंद में, लेजेंडरी एक्टर ने बताया कि सुरैया की मां ने न सिर्फ उनसे रिश्ता तोड़ने की धमकी दी थी, बल्कि अगर एक्ट्रेस देव से शादी करती हैं तो वह अपनी जान भी ले लेंगी।

# इम्यून सिस्टम को मज़बूत करती है अच्छी नींद

## सोने से 3-4 घंटे पहले करें डिनर, दोपहर के बाद न पिएं चाय-कॉफी



स्मार्टफोन, टैबलेट, और कंप्यूटर जैसे डिवाइस से निकलने वाली ब्लू लाइट हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डाल सकती है। यह हार्मोन हमारी नींद को नियंत्रित करता है।

अच्छी नींद संपूर्ण सेहत के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी नींद से शरीर ठीक से रिकवर करता है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और हमारी सोचने-समझने की क्षमता भी बेहतर होती है। हालांकि नींद को कई कारक प्रभावित करते हैं, जैसे अच्छी नींद के लिए कमरे का तापमान सही होना और आरामदेह बिस्तर भी जरूरी है। ऐसे ही यदि सोने के 3 से 4 घंटे पहले भोजन कर लें, दोपहर के बाद चाय-कॉफी का उपयोग कम करें तो इससे भी नींद अच्छी आती है। इसके अलावा इन तीन वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर भी आप नींद की गुणवत्ता सुधार सकते हैं।

**1. रोज नियमित समय पर सोएं-जागेंः** - हमारा शरीर सर्केडियन रिदम पर काम करता है, जो 24 घंटे का नेचुरल साइकिल है। यह रोशनी और अंधेरे से नियंत्रित होता है। रोज नियमित समय पर सोने और जागने से यह इंटरनल क्लॉक नियमित रहती है, जिससे सोने और जागने में आसानी होती है।

**2. सोने से एक घंटे पहले गैजेट बंद करेंः-** स्मार्टफोन, टैबलेट, और कंप्यूटर जैसे डिवाइस से निकलने वाली ब्लू लाइट हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डाल सकती है। यह हार्मोन हमारी नींद को नियंत्रित करता है।

**सुझावः- सोने से कम से कम एक घंटे पहले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग न करें। अगर इन्हें इस्तेमाल करना जरूरी हो तो ब्लू लाइट फिल्टर का इस्तेमाल करें।**

**3. ब्रीदिंग तकनीक 4-7-8 अपनाएंः-** रिलैक्सेशन तकनीकों का अभ्यास सोने से पहले शरीर को यह संकेत देता है कि अब आराम का समय है। डीप ब्रीदिंग, प्रोग्रेसिव मसल रिलैक्सेशन और 4-7-8 ब्रीदिंग जैसी तकनीक तनाव को कम कर मन को शांत करती हैं।

**सुझावः- अपने सोने के रूटीन में 4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक को शामिल करें, जिससे गहरी नींद पाने में मदद मिलती है।**

# रेपो रेट घटी, लोन सस्ते होंगे, वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया गया

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अपनी पांचवीं मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) के नतीजों का एलान कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज न केवल रेपो रेट में कटौती कर कर्जदारों को राहत देने की खबर दी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद शानदार तस्वीर भी पेश की है। केंद्रीय बैंक के मुखिया मल्होत्रा मौजूदा स्थिति को गोल्डीलॉक्स काल बताया है। अर्थशास्त्र की भाषा में यह वह स्थिति होती है जब इकोनॉमी में न तो बहुत ज्यादा तेजी होती है और न ही बहुत अधिक मंदी, बल्कि सब कुछ बिल्कुल सही संतुलन में होता है।

गवर्नर को उम्मीद है कि रेपो रेट में किए गए बदलाव का असर लंबी अवधि की ब्याज दरों पर भी पड़ेगा। आसान शब्दों में कहें तो, आरबीआई द्वारा सस्ता किए गए कर्ज का फायदा बैंक अब होम लोन या बिजनेस लोन की ब्याज दरें घटाकर ग्राहकों को दे सकते हैं। यदि किसी ने 50 लाख रुपये का लोन 8.5 प्रतिशत की ब्याज दर से 20 साल के लिए लिया है और आरबीआई यदि 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा करती है तो उसकी ईएमआई कम हो जाएगी, जैसे कि पुराने ब्याज दर 8.5 प्रतिशत पर 43,391 रुपये की ईएमआई देनी पड़ती है, और ब्याज दरों पर कटौती के बाद नई ब्याज 8.25 प्रतिशत पर 42,603 रुपये हो जाएगी, जिसमें महीने में 788 रुपये की बचत और साल भर में 9,456 रुपये की बचत होगी। यदि आप ने 5 लाख रुपये का कार लोन 12 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया है तो 11,282 रुपये पुरानी ईएमआई पर देने पड़ रहे हैं, यदि कटौती हुई तो कार लोन की नई ईएमआई 11,149 रुपये होगी। जिसमें 133 रुपये महीने के और साल भर में 1,596 रुपये



की बचत होगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8ब्र की जीडीपी ग्रोथ और कम होती महंगाई दर एक आदर्श स्थिति है। इसे उन्होंने %गोल्डीलॉक्स% काल कहा है। इसका मतलब है कि भारत तेज विकास की पटरी पर है और महंगाई भी काबू में है, जो भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है।

अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए आरबीआई ने पूरे वित्त वर्ष 2026 (FY26) के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ा दिया है। आरबीआई ने पूर्व में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जताया था। अब इसे बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में जारी तेजी से विकास दर अनुमान से बेहतर रहेगी। आम आदमी के लिए सबसे अच्छी खबर महंगाई के मोर्चे पर है। गवर्नर ने कहा कि अक्तूबर के बाद से महंगाई में तेजी से गिरावट आई है। नए अनुमानों में आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 2.6 प्रतिशत से घटाकर अब सीधा 2 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में आपकी जेब पर बोझ और कम हो सकता है। तीन दिन तक चली बैठक में एमपीसी ने सर्वसम्मति से अपना रुख न्यूट्रल या तटस्थ रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह है कि आरबीआई अब सिर्फ महंगाई को रोकने पर ही फोकस नहीं कर रहा, बल्कि वह ग्रोथ को भी सपोर्ट करने के लिए तैयार है। यह भविष्य में ब्याज दरों में और कमी या स्थिरता का संकेत देता है। गवर्नर ने बताया कि देश की मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) गतिविधियों में सुधार लगातार जारी है। वहीं, सर्विस सेक्टर भी स्थिर गति से बढ़ रहा है। ये दोनों सेक्टर रोजगार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और इनका अच्छा प्रदर्शन करना सुखद संकेत है। अगर आपको लगता है कि त्योहारों के बाद मांग घटेगी, तो आरबीआई ऐसा नहीं मानता। गवर्नर के मुताबिक, हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स (जैसे बिजली की मांग, गाड़ियों की बिक्री आदि) यह इशारा कर रहे हैं कि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में भी आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहेंगी।

## जानी के चौराहे के पास बेहोश मिली महिला ने दम तोड़ा
## कार चालक छोड़ गया था महिला को

बिजनौर (चिंगारी)। बीती रात यहां जानी का चौराहा व रामलीला मैदान के बीच सड़क पर एक महिला को बेहोश पड़ा देख सनसनी फैल गई। राहगीरो के सोचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले गई जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला की शीनख्त ग्राम पृथ्वीपुर की रानी के रुप मे हुई है। बताया जाता है कि रात्रि क़रीब 10 बजे एक औला कार उधर से गुज़री थी। उसी औला कार से महिला को वहा छोड़ा गया था। महिला बेहोश थी। महिला की आयु क़रीब 50 साल है। पुलिस ने महिला को अस्पताल ले गई जहां उसकी मृत्यु हो गई।महिला के पास से मिले आधार कार्ड व मोबाइल फोन से उसकी शीनख्त रानी निवासी ग्राम पृथ्वीपुर के रुप मे हुई। वह नांगलोई दिल्ली मे किरिये के मकान के मकान मे रहती थी। वहा से उसे उसकी बेटी पूजा ने कार बुक करके भेजा था। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि महिला के शरीर पर कोई ज़ाहिरा चोट नही थी। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चाल रही थी। पुलिस घटना की जाँच कर रही है।


### अति आवश्यक सूचना

हमारे फार्म न.-38 फार्म वास्तव में कही खो गया है। तलाश करने के बावजूद नहीं मिल पा रहा है। यदि उपरोक्त फार्म-38 जिसका क्रमांक-2214338 एवं फार्म सी-257633 है मिल जाता है तो मैं उसका भविष्य में प्रयोग नहीं करूंगी।

**M S नियाज जिम एण्ड सप्लीमेंट**
**प्रोपराइटर शहाना फिरदौस खान पत्नी श्री परवेज निवासी मौहल्ला मुगलूशाह नजीबाबाद**
**मोबाइल-9119014847**


## अर्पित ने नाम रोशन किया

**बिजनौर ( चिंगारी )। गत 30 नवम्बर को रुड़की में आयोजित हाफ मेराथन के साथ हुई एसकेएम रनिंग में बिजनौर के अर्पित धामा ने दित्वीय स्थान प्राप्त किया। अर्पित ने इसका श्रेय अपनी माता विरोनिका धामा व पिता पवन धामा एंव अपने ट्रेनिंग एनआईएस कोच योगेंद्र कुमार को दिया ज़िला क्रीडा अधिकारी राजकुमार जनपद के खिलाड़ियों ने अर्पित को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

## देहरादून ने फिफ्थ रायफल को हराया



**नगीना ( चिंगारी )।** ऑल इण्डिया फूबॉल टूर्नामेंट टूर्नामेंट के सातवे दिन हुए मुकाबले में देहरादून ने फिफ्थ रायफल को 2-1 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया। बृहस्पतिवार की दोपहर हिन्दू इंटर कॉलेज के करीब स्थित मैदान पर याद-ए-खलील नाम से आयोजित हो रहे ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवे दिन देहरादून व फिफ्थ रायफल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबले मे देहरादून ने फिफ्थ रायफल की टीम को 2-1 के स्कोर से पराजित कर मैच अपने नाम किया। मैच मे रेफ्री गोहर निसार, लाइन मैन निसार मुल्तानी, कमेंट्रेटर इरफ़ान अंसारी व आज़म मुल्तानी रहे इस मोके पर नगीना फुटबॉल क्लब नगीना के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, पूर्व सभासद गफ्फार,सचिव नौशाद अप्पा , कुंवर अमरजीत सिंह,अजीम सीनियर,नासिर मुल्तानी ,निसार अहमद,शेख़ जमशेद,ताहिर मुल्तानी, आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में उर्दू अदब का पर्व 'जश्न-ए-रेख्ता' शुरू

नयी दिल्ली, 04 दिसम्बर। दुनिया को उर्दू से जोड़ने वाला और युवा पीढ़ी को इस भाषा की खूबसूरती से रूबरू कराने वाला सालाना साहित्यिक पर्व जश्न-ए-रेख्ता दिल्ली के बांसेरा पार्क में आज से सात दिसंबर तक साहित्य प्रेमियों का स्वागत करेगा। दुनियाभर में उर्दू भाषा, साहित्य और भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के रूप में देखा जाने वाला जश्न-ए-रेख्ता इस बार ज़्यादा रंगों, विविध कलात्मक स्वरूपों और अनगिनत आकर्षणों के साथ आया है। अपने 10वें आयोजन में यह तीन-दिवसीय पर्व एक बार फिर देश-दुनिया के प्रसिद्ध कवियों, लेखकों, संगीतकारों और सांस्कृतिक हस्तियों को एक मंच पर लेकर आया है। उर्दू प्रेमी एक बार फिर संगीत, थिएटर,




दास्तानगोई और शायरी जैसी पारंपरिक विधाओं का लुत्फ़ उठा पायेंगे। जश्न-ए-रेख्ता में इस बार चार मंचों पर होने वाले 35 सत्रों में 300 से ज्यादा कलाकार अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। इसके आयोजन में गुलज़ार, दिव्या दत्ता, सुखविंदर सिंह, सलीम-सुलेमान, जावेद अख्तर, शंकर महादेवन और प्रतिभा सिंह भगेल जैसी हस्तियां शिरकत करेंगी। दिल अभी भरा नहीं नाम के सत्र में जावेद अख्तर, शंकर महादेवन और प्रतिभा सिंह भगेल दिवंगत शायर और गीतकार साहिर लुधियानवी को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करेंगे। इसी तरह रंग और नूर उर्दू शायरों के फिल्मी शाहकार नाम की संगीतमय प्रस्तुति में हुमा खलील भारतीय सिनेमा में उर्दू कवियों की भूमिका को याद करेंगी।


### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स् मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन चन्द्र अग्रवाल द्वारा संस्था श्री माँ चामुण्डा देवी मन्दिर समिति, मौहल्ला जाटान बिजनौर तह0 व जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. नवीन चन्द्र अग्रवाल-अध्यक्ष, 2. लालमन-उपाध्यक्ष, 3. अशोक कुमार अग्रवाल-प्रबन्धक, 4.धर्मेन्द्र उपप्रबन्धक, 5. भूपेंद्र सिंह-कोषाध्यक्ष 6. गजे सिंह, 7. विकास, 8. शिवा शर्मा 9. हर्ष तातरान, 10. ओमकार शुकला, 11. निखिल कुमार, 12. पवन कुमार, 13. राजेन्द्र कुमार वर्मा-सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्ध

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुई इंटरहाउस कंप्यूटर क्विज़ प्रतियोगिता




**बिजनौर ( चिंगारी )। कंप्यूटर के प्रति प्रेरणा और ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में इंटरहाउस कंप्यूटर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर और स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।**

इस प्रतियोगिता में स्कूल के चार हाउस गेम चेंजर, गो गेटर्स, वेव राइडर्स और गोल अचीवर्स के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता कुल पाँच राउंड में आयोजित की गई थी। थीम बेस्ड राउंड, बज़र राउंड, क्लू राउंड, रैपिड फायर राउंड और ऑडियंस राउंड। ये सभी राउंड प्रतिभागियों की भाषा-ज्ञान, बुद्धिमत्ता, और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को परखने के लिए डिज़ाइन किए गए थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर विज्ञान में प्रवीण बनाना और उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। इसके साथ ही, यह प्रतियोगिता छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हुए उनके आत्मविश्वास और टीम वर्क को बढ़ाने में सहायक रही। प्रतियोगिता के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उनकी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# युवती से छेड़छाड़ और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** युवती से छेड़छाड़ करने व सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के वांछित आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गत 19 नवम्बर को युवक अंकुर उर्फ टुल्ली यादव निवासी ग्राम बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली-गलौच कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था तथा उसकी पुत्री के फोटो के ऊपर अपशब्द लिखकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी युवक फ़रार चल रहा था। थानाध्यक्ष विकास कुमार के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए महिला उपनिरीक्षक वर्षा यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया।



# शिवा ने घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक विधवा महिला ने एक व्यक्ति पर घर में घुसकर बुरी नीयत से दबोचकर छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रेहड़ पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। थाना रेहड़ क्षेत्र निवासी एक विधवा महिला ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दी तहरीर में बताया कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहती है। महिला का कहना है कि बुधवार शाम लगभग 7:30 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी कि इसी दौरान शिवा नामक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और आते ही उसने घर की लाइट बंद कर उसे बुरी नीयत से दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा जिसका विरोध करने पर उसने गाली गलौच की और मारपीट पर उतारू हो गया। महिला ने किसी तरह आरोपी से खुद को बचाया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी शिवा निवासी ग्राम राजनगर थाना रेहड़ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी गई है।

# टीकाकरण उत्सव का शुभारंभ



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत महारायपुर शेख उर्फ दिनौड़ी में उप स्वास्थ्य केन्द्र पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत टीकाकरण उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधानपति डा. रवेन्द्र सैनी ने किया। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों एवं बड़ों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु अनेक स्वास्थ्य योजनायें, कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के तहत टीकाकरण उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होने समस्त ग्रामवासियों से सहयोग की अपील की। ग्राम प्रधान सरोज सैनी, एएनएम लक्ष्मी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा रानी, सहायिका सुषमा सैनी, आशा कार्यकत्री सुमित्रा देवी, रेखा रानी, पंचायत सहायक गौरवी सहित काफी महिलायें मौजूद रहीं।

# पीलीडैम के बंधे की सीढ़ियों पर अजगर देख कर पर्यटक सहमे

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ वन रेंज के पास स्थित पीलीडैम के बंधे को जाने वाली सीढ़ियों पर गुरुवार की दोपहर अजगर दिखाई देने से वहां घूम रहे पर्यटक सहम गए। फिर दूर खड़े होकर कुछ पर्यटकों ने इसकी वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस दौरान काफी देर तक पर्यटक दूर से ही अजगर को देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। बाद में अजगर सीढ़ियों पर चढ़कर जलाशय की ओर झाड़ियों में चला गया।




पीलीडैम की सीढ़ियों पर चढ़ता अजगर सांप।

# मीरी पीरी अकदमी के बच्चों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में 3 दिसंबर 2025 को सोफतपुर स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मीरी पीरी खालसा अकादमी, अगवानपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 35 मेडल जीतकर विद्यालय का परचम लहराया। प्रतियोगिता में गोला फेंक, चक्का फेंक तथा विभिन्न दौड़ वर्गों में जिले भर के कई विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान मीरी पीरी खालसा अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस, कौशल और दृढ़ संकल्प का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों में लगातार बढ़त बनाए रखी। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय को जिला स्तर पर शीर्ष संस्थानों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने विजयी खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन और खेलों के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने प्रशिक्षक रघुवीर सिंह और नीलम के मार्गदर्शन और प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक खेल सुविधाएं, नियमित अभ्यास सत्र, फिटनेस प्रशिक्षण और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मीरी पीरी खालसा अकादमी का नाम इसी तरह उज्ज्वल करते रहेंगे।



# गन्ने की फसल पर हाथियों का कहर

**हरेवली ( चिंगारी )।** साहुवाला वन रेंज के निकटवर्ती भगौता, शाहनगर, कुराली, रामनगर, गौसाई, महमदाबाद, शहजादपुर आदि ग्रामों में पिछले एक माह से गन्ने की फसल पर हाथियों का झुण्ड कहर बरपा रहा है। शाम ढलते ही हाथी वन क्षेत्र से निकलकर गन्ने की फसल में आ जाते हैं और गन्ने की फसल को बर्बाद करते है। अब तक सैकड़ों बीघा गन्ने की फसल खाकर तथा पैरो से रौंदकर नष्ट कर चुके है। वन विभाग द्वारा कोई ठोस नीति न बनाने के कारण हर वर्ष किसानों की गन्ना, गेहूं धान, मक्का आदि फसलें बर्बाद हो जाती है। पीड़ित किसान हर वर्ष विभाग के अधिकारियों से अपना दुखड़ा सुनाते है। हर वर्ष आश्वासन मिलता है कि हाथियों के झुण्ड के रोकने के लिये कार्रवाई चल रही है। किसान अपना खून-पसीने की फसल उजड़ती देखकर परेशान, बेबस है। भगौता निवासी होशराम सिंह, यादराम सिंह, धर्मेन्द्र, मदन, मौ. अली, सुरेन्द्र कुमार, आसिफ, प्रेमराज, सत्यपाल, नत्थु, महबूब अली आदि किसानों ने जिला फोरेस्ट अधिकारी से बर्बाद फसलों का मुआवजा तथा हाथियों के झुण्ड से निजात दिलाने की मांग की है।

# स. गुरिन्दर सिंह के सदस्य बनने से समाचार-पत्र प्रकाशकों में हर्ष

## लघु एवं मझौले समाचार-पत्रों की आवाज़ बुलंद होगी - रघुवंशी

**नई दिल्ली/बिजनौर ( चिंगारी )। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की नवगठित समिति में ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स. गुरिन्दर सिंह सहित फेडरेशन के तीन पदाधिकारियों को सदस्य चुने जाने से देश भर के लघु एवं मंझोले समाचार-पत्रों के प्रकाशकों/मालिकों में हर्ष व्याप्त है।**

मंगलवार को भारत सरकार द्वारा प्रकाशित राजपत्र के अनुसार फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स. गुरिन्दर सिंह, उड़ीसा ईकाई के अध्यक्ष सुधीर कुमार पांडा, गुलाबी हलचल जयपुर के स्वामी ब्रजमोहन शर्मा को समाचार पत्रों के स्वामी/प्रबंध संवर्ग श्रेणी से सदस्य नामित किया गया है। ऑल इंडिया स्माल एंड मीडयम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के महामंत्री एवं प्रेस काउंसिल के पूर्व



सदस्य अशोक नवरत्न, प्रेस काउंसिल के पूर्व सदस्य एवं बिजनौर टाइम्स के सम्पादक चन्द्रमणि रघुवंशी, उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति के पूर्व सदस्य एवं चिंगारी सांध्य दैनिक के सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी ने श्री स. गुरिन्दर सिंह एवं अन्य सदस्यों को बधाई दी है।

रघुवंशी बंधुओं का कहना है कि स. गुरिन्दर सिंह निरंतर लघु एवं मध्यम श्रेणी के समाचार-पत्रों के हित में संघर्ष कर रहे हैं। उनके प्रयासों से कई स्तरों पर लघु एवं मध्यम समाचार-पत्रों को न्याय मिला है। स. गुरिन्दर सिंह प्रेस काउंसिल तथा आरएनआई एवं डीएवीपी (सीबीसी) में लघु एवं मध्यम समाचार-पत्रों की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उनके पुन: प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य नामित होने से देश भर के लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों के प्रकाशकों/मालिकों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।

# डीजे की भयंकर धमक से गांव में अफरा-तफरी

**बरूकी ( चिंगारी )।** कस्बे के मुख्य बाज़ार में गुरुवार की शाम बारात चढ़ने के दौरान तेज आवाज़ में बज रहे डीजे ने अफरा-तफरी मचा दी। दो बड़े डीजे सेट के साथ आ रही बारात जब बाज़ार पहुंची, तो डीजे की भयंकर धमक से कई दुकानों से सामान नीचे गिर गया और कुछ दुकानों के शीशे टूट गए। अचानक हुए शोर-शराबे से बाजार में भगदड़ जैसे हालात बन गए। डीजे की अत्यधिक तेज आवाज़ से दिल के मरीजों की तबीयत बिगड़ गई, वहीं छोटे बच्चों में भय का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीजे की धमक



डीजे की धमक से बिखरा सामान।

इतनी तेज थी कि स्वस्थ व्यक्ति भी घबराहट महसूस कर रहे थे। कई दुकानदारों ने बताया कि तेज कंपन से उनके सामान को काफी नुकसान हुआ। दुकानदारों ने की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और डीजे की आवाज़ को कम कराया। ग्रामीणों और व्यापारियों ने देर रात तक तेज आवाज़ में डीजे बजाने तथा बारात चढ़ाने के दौरान भयंकर शोर पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## श्रीगोपाल नारसन बने अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष

**रुड़की ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के अध्यक्ष हृदय नारायण मिश्रा ने हिंदी के क्षेत्र में लंबे समय से अपना योगदान कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन को अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद



श्रीगोपाल नारसन

में उत्तराखंड राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति परिषद के राष्ट्रीय सलाहकार किशोर कुमार लहरपुरे के प्रस्ताव व मध्यप्रदेश के परिषद अध्यक्ष अशोक राठौर की अनुशंसा पर की गई है। 22 पुस्तकों के लेखक श्रीगोपाल नारसन विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति, राज्य उपभोक्ता आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता व डिवाइन मिरर हिंदी चैनल के मुख्य सम्पादक भी है। उनकी नियुक्ति पर विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. देवेंद्र नाथ शाह, संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनन्द भारद्वाज, उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. पीके गर्ग, वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र कुमार सैनी, स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय समन्वयक हरिराम गुप्ता, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।



# मेडिकल कैम्प में सैकड़ों मरीजों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**हल्दौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सल्लाहपुर में आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैम्प में मरीजों ने स्वास्थ्य की जांच कराई और उन्हें डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक सलाह भी दी। ग्राम सल्लाहपुर में ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार इस्माईल अंसारी ने मेडिकल कैम्प का आयोजन कराया, जिसमे डॉक्टर लाल पैथोलॉजी लैब की टीम ने सैकड़ों मरीजों के खून की जांच की। इस्माईल अंसारी के इस कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की। इस्माईल अंसारी ने बताया कि खिदमत ए खल्क प्रत्येक को करनी चाहिए। मेडिकल कैम्प में सैकड़ों खासकर ग़रीब वर्ग के लोगों ने लाभ उठाया। उनका आगे भी लोगों की खिदमत करते रहने का संकल्प हैं।

# विद्यालय में बंद रह गये कुत्ते को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला

**नहटौर ( चिंगारी )। जलालपुर आसरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की लापरवाही के चलते कुत्ता अंदर बंद रह गया। रात में कुत्ते के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजे का एक हिस्सा तोड़कर कुत्ते को बाहर निकाला। नहटौर के ग्राम शादीपुर उर्फ़ जलालपुर आसरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्कूल बंद करते समय एक क्लास रूम में कुत्ता बंद हो गया। रात्रि के समय कुत्ते के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने दरवाजे के एक हिस्सा तोड़कर उसे बाहर निकाला। करीब 6 घंटे तक कुत्ता स्कूल के कमरे में बंद रहा। कुत्ते ने बाहर निकलने की कोशिश में कमरे में जमकर उछल कूद मचाई। ग्रामीणों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कारवाई की मांग की है। मुख्य अध्यापक ब्रजपाल सिंह ने बताया कि कुत्ता जर्जर कक्ष में टूटी हुई खिड़की के रास्ते से अंदर पहुंच गया था। कक्ष जर्जर होने के कारण इसमें शिक्षण कार्य नहीं होता है। विद्यालय बंद करने के दौरान कक्ष में कुत्ता नहीं था। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। शिक्षकों द्वारा बरती लापरवाही की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।**

# विज्ञान-गणित प्रदर्शनी में किरतपुर की अरबिश ने द्वितीय स्थान पाया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, किरतपुर की छात्रा कुमारी अरबिश जहां द्वारा मंडल स्तरीय विज्ञान, गणित प्रदर्शनी चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद में प्रतिभाग किया गया। विद्यालय को अन्य छात्र अफीफा नाज, महक, आरजू, हिमानी, सुनेरा रुखसार, जियारानी, निधि व शिक्षिका श्रीमती मोनिका आजाद व रुचिका द्वारा 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी, लखनऊ में प्रतिभाग किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती चंद्रवरुण देशबंधु द्वारा मंडल स्तर प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अरबिश जहां लखनऊ में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं शिक्षिका श्रीमती मोनिका आजाद, वैजयंती माला, अंशु रुचिका का विशेष धन्यवाद व सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्र वरुण देशबंधु ने सभी छात्रों को भविष्य में निरंतर सफल होने की प्रेरणा व शुभकामनाएं दी।







# दिव्यांग बच्चों में विशेष प्रतिभाएं होती हैं: जसजीत कौर



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर एक आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर रही। डीएम यह संस्थान देखकर काफी खुश हुई। उन्होंने संस्थान वासियों की प्रशंसा की तथा बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को सराहा। डीएम ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं होते इनमें विशेष प्रतिभाएं होती हैं। समाज को इनका साथ देना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी अतिथिगण दिव्यांग बच्चों व संस्था के कार्य को देखकर काफी खुश हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन, राजा भारतेंदु सिंह पूर्व सांसद, रजनी कालरा भाजपा क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख, श्रीमती सरिता सैनी, श्रीमती सुजाता कौशिक, मुख्य प्रवक्ता सलिल आर्य, सभा अध्यक्ष मयंक चोपड़ा, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार, सुंदर गोयल संस्था अध्यक्ष आर्य सुगंध संस्थान, ओम प्रकाश शर्मा, संस्था उपाध्यक्ष, प्रबंधक श्रीमती कमलेश आर्या, संस्थापक डॉ. अजयवीर सिंह, संस्था सलाहकार अतर सिंह, महक सिंह, नीलम अग्रवाल, मीरा आर्य, रचना सलिल, गर्जना आर्या, नीता राजपूत, एम आर पाशा, कनाडा से आई ममता आदि मौजूद रही। संचालन मंजू जौहरी ने किया।

# नैनी एक्सप्रेस नजीबाबाद से काठगोदाम दो दिन संचालित होगी




नजीबाबाद (चिंगारी)। रेलवे दो दिन तक देहरादून रेलवे स्टेशन पर लोको पिट साइडिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों को नजीबाबाद व लक्सर तक संचालित करेगा। देहरादून से काठगोदाम के बीच संचालित नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस दो दिन काठगोदाम से नजीबाबाद के बीच संचालित होगी। देहरादून स्टेशन पर लोको पिड साइडिंग कार्य के कारण नैनी एक्सप्रेस 12091 व 12092 को काठगोदाम से नजीबाबाद स्टेशन तक संचालित होगी। उधर काठगोदाम से देहरादून के देहरादून स्टेशन पर लोको पिट साइडिंग कार्य के चलते तीन ट्रेनें प्रभावित होंगी। 14119 व 14120 एक्सप्रेस आठ से 10 फरवरी तक काठगोदाम से लक्सर तक संचालित होगी। इनके अतिरिक्त सूबेदारगंज से देहरादून के बीच संचालित लिंक एक्सप्रेस 14113 अप सात दिसंबर से नौ दिसंबर तक व देहरादून से सूबेदारगंज के बीच संचालित डाउन आठ से 10 दिसंबर तक 14114 सूबेदारगंज से लक्सर तक संचालित की जाएगी।

# हनुमान मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भजन-कीर्तन

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली के कुएं वाले हनुमान मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर पर गणेश भगवान व हनुमान जी को पंचामृत से स्नान कराकर सुन्दर वस्त्र धारण कराते हुए चोला चढ़ाया गया। मंदिर परिसर में सुन्दर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सभी श्रद्धालु भजनों में लीन हो गए। जय श्रीराम, हर हर महादेव के जयकारों और घंटे की मधुर ध्वनि से वातावरण और भक्तिमय हो गया। भगवान गणेश व हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। नरेश कर्णवाल, नरेंद्र शर्मा, पंडित महेश चन्द शर्मा, तरंग कर्णवाल, रमता कर्णवाल, लक्ष्मी चौहान, सुमन चौहान, माया देवी, नीलम कर्णवाल, पूनम रानी, सुनीता कर्णवाल, गीता कर्णवाल, प्रियांशी, मिथलेश कर्णवाल, कमला देवी, राजबाला देवी, सुमित्रा, सुमन शर्मा, वीरवती, अथर्व वालिया, शिवाय वालिया, बेबी कर्णवाल, ब्रिजेश आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीएम ने एसआईआर कार्य की समीक्षा कर ली जानकारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएम जसजीत कौर ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय मंडावली का दौरा किया। डीएम ने एसआईआर से संबंधित कार्यों की बीएलओ पूनम रानी, अल्पना मौर्या व आरिफ से जानकारी प्राप्त कर कार्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, लेखपाल विजय चौधरी, रवि कुमार, ग्राम पंचायत सेक्रेट्री भरत खन्ना, पंचायत सहायिका तनु शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रमता कर्णवाल, लक्ष्मी त्यागी, समूह कार्यकत्री राधा कर्णवाल, लक्ष्मी कर्णवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।



एसआईआर कार्य की समीक्षा करती जिलाधिकारी जसजीत कौर

# अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के निधन पर शोक जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन ने नगर के अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि एडवोकेट हरेंद्र सिंह का जाना अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वह काफी सौम्य स्वभाव, कुशाग्र बुद्धि तथा न्यायिक मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका अधूरा मिशन अधिवक्ता गुलाम अब्बास तथा उनके साथी आगे भी निरंतर जारी रखेंगे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में गुलाम अब्बास अध्यक्ष प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन, शाकिर एड. शेर सिंह एड., राजेन्द्र सिंह एड., शैलेंद्र चैधरी एड. पूर्व विशेष प्रतिनिधि राज्य विधि परिषद उत्तर प्रदेश ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# गायत्री शक्तिपीठ पर नौ कुंडीय यज्ञ का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर पूर्णिमा पर्व (दत्तात्रेय जयंती) पर 'नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पूर्णिमा पर्व पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि प्रसिद्ध प्राचीन संत दत्तात्रेय के 24 गुरु प्रसिद्ध है। दत्तात्रेय जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए डॉ. दीपक ने कहा कि सीखने वाले के लिए पग-पग पर शिक्षक मौजूद हैं। यज्ञ भारत की एक मान्य एवं प्राचीनतम वैदिक उपासना है। प्रत्येक शुभ कार्य प्रत्येक पर्व-त्योहार, प्रत्येक संस्कार यज्ञ के साथ संपन्न होता है। यज्ञ चिकित्सा विज्ञान है। लोकमंगल के लिए, जन जागरण के लिए वातावरण परिशोधन के लिए यज्ञ किए जाते हैं। ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली श्रीमती सारिका अग्रवाल, रिंकी सिंह, प्रेमलता शर्मा ने नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ का वैदिक मंत्रो से कर्मकांड संपन्न कराते हुए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कराई। गोला, सुपारी के साथ एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई अपनाने के संकल्प के साथ पूर्णाहुति की गई। प्रभा राजपूत, सतपाल राजपूत ने मुख्य पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेंद्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, राज भटनागर, एचपी गुप्ता, सुमन वर्मा, परिवाजक महेशचंद्र, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम की बैठक में जनसमस्याओं पर मंथन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम की ओर से शहर की समस्याओं को लेकर गुरूवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया गया। बैठक में नगर निगम के अंतर्गत राजस्व प्राप्ति की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने, नगर निगम के सभी शौचालयों का संचालन आउटटसोर्स एजेंसी से करवाने व स्वच्छता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों, पार्षदों व कार्मिकों को पुरस्कृत करने पर चर्चा की गई। वहीं पार्षदों ने भी शहर में पार्किंग की समस्या, बेसहारा गौ वंश व अतिक्रमण सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया।



गुरूवार को कोटद्वार नगर निगम बैठक में सिर पर काला कपड़ा बांधकर रोष व्यक्त करते पार्षद सूरज कांति।

### पार्षद सूरज कांति ने किया हंगामा

नगर निगम की बैठक में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब काशीरामपुर तल्ला पार्षद सूरज कांति ने नगर निगम पर कार्यों में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए सिर पर काला कपड़ा बांधकर आक्रोश व्यक्त करते हुए पार्षद ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की समस्याओं को लेकर गंभीरता से कार्य नहीं किया जा रहा है। बिना प्रस्ताव लाये ही मनमर्जी से पसंद के ठेकेदारों को कार्य दिए जा रहे हैं। कई वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों को अभी तक नहीं बदला गया है, वहीं आवारा कुत्तों और बेसहारा गौ वंश के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस कार्रवाई करने पर नगर निगम नाकाम रहा है। इस पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, नगर आयुक्त पीएल शाह व अन्य पार्षदों ने उन्हें किसी तरह शांत किया और सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## श्री सिद्धबली बाबा का अनुष्ठान महोत्सव प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित सिद्धपीठ श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से श्री सिद्धबली बाबा अनुष्ठान महोत्सव आज शुक्रवार पांच दिसंबर से आरंभ हो गया। आज प्रथम दिवस पर सुबह 5 बजे पिंडी महाभिषेक, 7 बजे मंदिर परिक्रमा के बाद एकादश कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। सिद्धों की डांडा यात्रा बाद नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। सिद्धबली मंदिर से शुरू होकर शोभायात्रा देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। पहले दिन की मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण रहेंगी।

# कुंतनी ग्राम के पास दिन भर, घूमते रहते जंगली जानवर

### ग्रामीणों में व्याप्त है डर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत द्वारीखाल ब्लॉक के ग्राम कुंतनीं क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली जानवरों का आतंक लगातार बना हुआ है। कभी तेंदुआ तो कभी भालू के दिनदहाड़े दिखाई देने से ग्रामीणों में खौफ का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि गांव के आसपास और गौशालाओं के नजदीक जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों ने लोगों की नींद उड़ाकर रख दी है। बुधवार को स्थानीय ग्रामीण आनंद मोहन, खुशीराम डबराल, वाणी विलास, लता देवी व कल्पेश्वरी देवी ने बताया कि सुबह-शाम ही नहीं, बल्कि दोपहर के समय भी तेंदुआ गांव के नजदीक घूमता नजर आ रहा है। इस कारण महिलाएं जंगल में पशुओं के लिए घास-चारा लेने जाने से डर रही हैं। वहीं रविंद्र प्रसाद ने बताया कि दो दिन पहले उनकी गौशाला के पास तेंदुआ दिखा था। हालांकि उसने किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया, लेकिन इससे पशुओं और गांव के बच्चों के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगाकर जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग की है।

# पिथौरागढ़ में 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल ( चिंगारी )।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में हिमांशू पांडे ने सिनेमैटोग्राफी की क्लास ली। बता दें कि हिमांशू पांडे फ़िल्म अभिनेता हेमंत पांडे के पुत्र हैं जो एफ टीएनएमपी फिल्म टेलीविजन एंड न्यू मीडिया प्रोडक्शन से ग्रेजुएशन कर रहे हैं। आगामी 14 दिसंबर से नगर निगम पिथौरागढ़ में नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक का नाम 'किस्सा मौजपुर का' जिसके लेखक जयवर्धन हैं। कैमरा एक्टिंग और थिएटर एक्टिंग की बारीकियों के बारे में बताया जाएगा। हेमंत पांडे ने बताया कि मुझे बहुत गर्व है कि में अपनी संतान को उत्तराखंड की संस्कृति से जोड़ पाया। मेरा बेटा मुंबई से पढ़ाई कर अपने गांव पिथोरागढ़ में उस पर कार्य कर रहा है।



हिमांशू पांडे

# 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम का आयोजन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जयहरीखाल ब्लाक के संकुल केंद्र मठाली में बुधवार को सपनों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल मठाली के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राप्रावि मेरूड़ा को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन समिति का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि जयश्री कंडवाल व विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व ग्राम प्रधान मेरूड़ा दीनदयाल जदली व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जूनियर वर्ग के नुक्कड़ नाटक में खुबानी प्रथम, पैनलगांव ने द्वितीय, लोक गायन में पैनलगांव ने प्रथम तथा खुबानी ने द्वितीय प्राथमिक वर्ग की मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में बड़गांव ने प्रथम सिद्धपुर ने द्वितीय तथा खुबानी ने तृतीय, इंग्लिश स्पेल जीनियस में सिद्धपुर ने प्रथम, खुबानी ने द्वितीय तथा ल्वींठा ने तृतीय, टीएलएम प्रदर्शनी में बड़गांव ने प्रथम, मेरुड़ा ने द्वितीय तथा खर्का ने तृतीय, प्राथमिक वर्ग की लोक नृत्य प्रतियोगिता में खर्का ने प्रथम, बड़गांव ने द्वितीय तथा मेरुड़ा ने तृतीय, कुर्सी दौड़ में सिलवाड़ ने प्रथम, पैनलगांव ने द्वितीय तथा खुबानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान ज्योति बौंठियाल, बीना रावत, पूनम बिष्ट, अनिल रावत और राजीव थपलियाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट में हेरिटेज अकादमी बना चैम्पियन

### डीएवी को 2 गोल से किया पराजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकेडमी में इंटरस्कूल सेवन ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोटद्वार क्षेत्र के 16 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गये। पहले सेमीफाइनल में डीएवी ने सेंट जोजेफ कांन्वेंट स्कूल को 3-1 व दूसरे सेमीफाइनल में हैरिटेज एकेडमी ने एवीएन स्कूल को 6-0 से हराया। फाइनल मैच डीएवी और हेरिटेज एकेडमी की टीमों के बीच खेला गया। मैच के अंत तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। नियमानुसार दोनों टीमों को पेनेल्टी शूटआउट में तीन-तीन मौके दिये गये, जिसमें बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हेरिटेज एकेडमी ने डीएवी को 2-0 के अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता जीत ली।

मुख्य अतिथि कर्नल विपिन कुमार ने विजेता टीम को चैंपियन ट्रॉफी, उपविजेता टीम को रनर ट्रॉफी देने के साथ ही बेस्ट डिफेंडर रहे हेरिटेज एकेडमी के अरमान नेगी, सर्वाधिक स्कोरर रहे डीएवी के कृष्णा, बेस्ट गोलकीपर रहे डीएवी के शिखर सिंह गुसाईं और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे हेरिटेज एकेडमी के शुभम नैथानी को स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक ले. कर्नल कुंवर अजय सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. रूपमाला सिंह और उप प्रधानाचार्या अनिता सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# राजकीय शिक्षक संघ का जिला स्तरीय अधिवेशन आयोजित

### भगवान सिंह नेगी जिलाध्यक्ष, बिजेन्द्र बिष्ट मंत्री निर्वाचित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी के जनता इंटर कालेज मोटाढ़ाक में आयोजित जनपद स्तरीय अधिवेशन के द्वितीय दिवस संघ की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुये। चुनाव में भवान सिंह नेगी अध्यक्ष व बिजेंद्र सिंह बिष्ट ज़िला मंत्री निर्वाचित हुये, जबकि ज़िला उपाध्यक्ष पद पर पूरण सिंह नेगी, संयुक्त मंत्री पद पर अनिल नेगी व संगठन मंत्री पद पर दिनेश चंद्र पाठक चुने गये। चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए प्रधानाचार्य व मुख्य निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह रावत व सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि अध्यक्ष पद पर भवान सिंह नेगी ने वरदान बुडाकोटी को 64 मतों से, ज़िला उपाध्यक्ष पूरण सिंह नेगी ने पंकज मुयाल को 164, ज़िला मंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट ने किशोर कुमार बिडालिया को 605, संयुक्त मंत्री अनिल नेगी ने महेन्द्र गुसाईं को 392 व संयुक्त मंत्री दिनेश चंद्र पाठक ने दिनेश कुमार उनियाल व पूरण चंद्र धूलिया को कुल मिलाकर 207 मतों के अंतर से हराया। वहीं महिला शाखा में ज़िला संगठन मंत्री पद पर शैलजा जोशी, ज़िला उपाध्यक्ष पद पर शिक्षा रावत व ज़िला महिला संयुक्त मंत्री पद पर विमला तड़ियाल निर्विरोध निर्वाचित हुईं। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को विजेता प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही मण्डलीय संयुक्त मंत्री पंकज ध्यानी द्वारा निर्वाचित ज़िला कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डा. पदमेश बुडाकोटी, बिजेंद्र तोमर, संजय रावत, राजीव शर्मा, दीपक गौड़, मनमोहन चौहान, अतुल दर्शन बिष्ट व गणेश पसबोला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की कोशिशों के लिए ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

## बोले- हम दुनिया में शांति ला रहे



**वॉशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। ट्रंप ने कहा हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। ट्रंप ने ये भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में संकेत दिए हैं कि वे युद्ध खत्म करना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा, हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को साफ कहा कि मॉस्को अपने सुरक्षा हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। यह मुलाकात पांच घंटे चली थी लेकिन बैठक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। बैठक के बाद एक बयान में पुतिन ने कहा यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी, लेकिन सहमति बनाना एक मुश्किल काम है। बैठक के बाद पुतिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने जोर देकर कहा कि बातचीत पूरी तरह गोपनीय थी। हमने तय किया है कि बातचीत की असली बातें बाहर नहीं बताई जाएंगी।

# चंपावत में सड़क दुघर्टना में पांच बारातियों की मौत



**चंपावत ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तराखंड के चंपावत में बारात के वाहन के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि पांच घायल हो गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल ( एसडीआरएफ ) के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी के अनुसार, बोलेरो वाहन यूके 04 टीबी 2074 शुक्रवार सुबह तड़के चंपावत के घाट से पहले बागधार नामक स्थान पर अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। चंपावत जिला नियंत्रण कक्ष से सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की एक टीम राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और शवों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि वाहन में 10 लोग सवार थे। इनमें से पांच घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया और शेष पांच की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन बुसेल से बारात लेकर गंगोलीहाट के बलाताड़ी क्षेत्र में गया था तथा आज सुबह वापस लौटते समय यह दुर्घटना घटी। मृतकों में प्रकाश चंद्र उनियाल, केवल चंद उनियाल निवासीगण दिबडिब्बा बिलासपुर, सुरेश नौटियाल निवासी पंतनगर, प्रियांशु चौबे, निवासी सियालदेह, भिकियासैंण, अल्मोड़ा एवं भावना चौबे, निवासी सियालदेह, बिखयासेन, अल्मोड़ा शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**प्लॉट बिकाऊ है**

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000




ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911